संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस
दुमका और जमशेदपुर से एक साथ प्रकाशित

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

27 अक्टूबर 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 09, अंक - 35

Email-santalexpress20@gmail.com

आज की सुबह उन सपनों के नाम, जिन्हें आपने अब तक छोड़ा नहीं है।

एसआईआर विवाद पर चुनाव आयोग का सुप्रीम कोर्ट में जवाब

प्रपत्र-6 में कोई बदलाव नहीं किया सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए

एजेंसी

नई दिल्ली । मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर अपनी निर्णय प्रक्रिया का बचाव किया। आयोग ने स्पष्ट किया कि एसआईआर से संबंधित सभी महत्वपूर्ण फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। आयोग ने इस मामले में दायर याचिकाओं को समाचार पत्रों में

प्रकाशित खबरों पर आधारित बताते हुए खारिज करने की मांग की।

आयोग के अनुसार, जून 2025, अक्टूबर 2025 और मई 2026 में एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े जारी किए गए तीनों आदेश सर्वसम्मति से पारित हुए थे। आयोग ने कहा कि निर्णय लेने के दौरान अधिकारियों और चुनाव आयुक्तों के सुझावों, सवालों तथा अलग-अलग विचारों पर विचार किया जाता है। किसी फाइल पर की गई टिप्पणी या सवाल को आयोग का अंतिम फैसला नहीं माना जा सकता।

हलफनामे में आयोग ने प्रपत्र-6 को लेकर उठे सवालों पर भी सफाई दी। आयोग के मुताबिक, एसआईआर से जुड़े तीनों आदेशों के कारण नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले वैधानिक प्रपत्र-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके साथ इस्तेमाल होने वाला घोषणा-पत्र अलग दस्तावेज है, जिसे एसआईआर प्रक्रिया के तहत लागू किया गया।

यह विवाद उन खबरों के बाद बढ़ा, जिनमें चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की निर्णय प्रक्रिया पर असहमति की बात कही गई थी। आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए अपनी प्रक्रिया का बचाव किया है।

खेल के जरिये अनुशासन, एकाग्रता और प्रतिस्पर्धा की भावना को मिलता है बढ़ावा : मुख्यमंत्री

15वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, रांची में आयोजित 15वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता 2026-27 के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पुलिस टीमों एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना की सराहना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर देश और राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड को इस

प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है, जो राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, एकाग्रता एवं प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर अभ्यास, मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने टाटा आर्चरी एकेडमी की तीरंदाज अंकिता भकत को भी सम्मानित किया। अंकिता भकत के नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजी टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री ने उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए अन्य खिलाड़ियों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के समग्र परिणाम में पुरुष वर्ग में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश पुलिस दूसरे तथा राजस्थान पुलिस तीसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसफ) ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि उत्तर प्रदेश पुलिस दूसरे स्थान पर रही। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और असम राइफल्स ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

संक्षिप्त खबरें

अमित शाह पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में राहुल गांधी बरी

लखनऊ । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मानहानि मामले में उत्तर प्रदेश के जनपद सुल्तानपुर की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने बरी कर दिया है। यह मामला वर्ष 2018 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ की गई टिप्पणी से जुड़ा है। अगस्त 2018 में यह मामला कोर्ट में दर्ज किया किया गया था। राहुल गांधी ने साल 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उस समय अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे।

आज से रेलवे स्टेशन से टिकट लेने पर 45 पैसे में मिलेगा 10 लाख का बीमा

नई दिल्ली । अब रेलवे के रिजर्वेशन काउंटर से टिकट लेने वाले यात्री भी 45 पैसे के प्रीमियम पर 10 लाख रूपए तक का यात्रा बीमा ले सकेंगे। मंगलवार से देशभर के सभी आरक्षण काउंटरों पर यह विकल्प मिलेगा। अभी तक यह सुविधा केवल आईआरसीटीसी से ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्रियों को मिलती थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रेलवे ने ऑफलाइन टिकट लेने वाले यात्रियों के लिए भी बीमा का विकल्प उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। यह सुविधा भोपाल रेल मंडल के आरक्षण काउंटरों पर भी मिलेगी। बीमा लेना वैकल्पिक होगा।

झारखंड में धान पर बोनस 109 रुपये प्रति क्विंटल करने की तैयारी, किसानों को मिलेगा अतिरिक्त लाभ

खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के लिए 40 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य

संवाददाता

रांची । झारखंड सरकार ने खरीफ विपणन मौसम 2026-27 में धान खरीद पर किसानों को मिलने वाला बोनस 84 रुपये से बढ़ाकर 109 रुपये प्रति क्विंटल करने का प्रस्ताव तैयार किया है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की पहल पर तैयार इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से किसानों को प्रति क्विंटल 25 रुपये का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

विभागीय सचिव राजेश कुमार शर्मा ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राज्य के सभी 24 जिलों में कुल 40 लाख क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। केंद्र सरकार ने सामान्य धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2,441 रुपये और ग्रेड-ए धान का 2,461 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। राज्य सरकार का प्रस्तावित बोनस जोड़ने पर किसानों को सामान्य धान के लिए 2,550 रुपये और ग्रेड-ए धान के लिए 2,570 रुपये प्रति क्विंटल मिलेंगे।

उन्होंने बताया कि निर्धारित खरीद लक्ष्य के अनुसार बोनस भुगतान पर लगभग 43 करोड़ 60 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। प्रस्ताव को योजना प्राधिकृत समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इसके बाद जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

विभागीय सचिव के अनुसार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर धान कटनी शुरू होने से पहले खरीद संबंधी तैयारियां की जा रही हैं। मंत्री डॉ. इरफान अंसारी भी इसकी नियमित समीक्षा कर रहे हैं, जिससे कि किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी न हो।

टाटानगर से जयपुर के लिए नई ट्रेन शुरू, सप्ताह में एक दिन चलेगी संतरागाछी-खातीपुरा एक्सप्रेस

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम । झारखंड और राजस्थान के बीच रेल संपर्क मजबूत करने की दिशा में सोमवार को महत्वपूर्ण पहल हुई। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से संतरागाछी से राजस्थान की राजधानी जयपुर के खातीपुरा स्टेशन तक चलने वाली नई एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऑनलाइन माध्यम से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

इस कार्यक्रम से टाटानगर रेलवे स्टेशन भी जुड़ा रहा, जहां जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू, जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव

सिन्हा और डीआरएम तरुण हुरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नई ट्रेन से जमशेदपुर सहित झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों को राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त रेल सुविधा मिलेगी।

रेलवे बोर्ड की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 18061 संतरागाछी-खातीपुरा एक्सप्रेस टाटानगर स्टेशन पर रात 10.50 बजे पहुंचेगी और 11.05 बजे रवाना होगी। वापसी में ट्रेन संख्या 18062 खातीपुरा-संतरागाछी एक्सप्रेस टाटानगर दोपहर 3.05 बजे पहुंचेगी और 3.10 बजे प्रस्थान करेगी।

जेपीएससी मुख्य परीक्षा विवाद

हाईकोर्ट ने संयुक्त सुनवाई की मांग वाला आवेदन खारिज किया

संवाददाता

रांची । झारखंड उच्च न्यायालय में सोमवार को 11वीं से 13वीं संयुक्त झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की मुख्य परीक्षा के परिणाम को रद्द करने की मांग से जुड़ी अपील पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अयूब तिर्की एवं अन्य की ओर से दाखिल अंतरिम आवेदन (आईए) खारिज कर दिया।

इस आवेदन के जरिए अपीलकर्ताओं ने राज्य सरकार के परीक्षा रद्द करने संबंधी निर्णय को चुनौती देने वाले अलग मामले की सुनवाई भी अपनी अपील के साथ करने का आग्रह किया था।

सुनवाई के दौरान अपीलकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि उन्होंने पहले मुख्य परीक्षा के परिणाम को रद्द करने की मांग की थी, जिसे एकल पीठ ने खारिज कर दिया था। इसके बाद राज्य सरकार ने संबंधित परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया। सरकार के इस निर्णय को भी अलग से एकल पीठ में चुनौती दी गई है। अपीलकर्ताओं ने आग्रह किया कि दोनों मामले एक ही परीक्षा से संबंधित हैं, इसलिए उनकी सुनवाई एक साथ की जाए।

ई-100 ईंधन को सरकार ने दी मंजूरी 100 प्रतिशत एथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने 100 प्रतिशत एथेनॉल (ई-100) ईंधन से चलने वाले वाहनों के इस्तेमाल का रास्ता साफ कर दिया है। इसके लिए सेंट्रल मोटर व्हीकल्स रूल्स में संशोधन कर ई-100 को उत्सर्जन संबंधी प्रावधानों में शामिल किया गया है। हालांकि, इस ईंधन का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें निर्माता कंपनियां खास तौर पर इसके अनुकूल डिजाइन और प्रमाणित करेंगी। सरकार का दावा है कि ई-100 ईंधन के इस्तेमाल से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाने और प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। यह कदम फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

हालांकि, इससे मौजूदा पेट्रोल कारों के मालिकों को तत्काल कोई बदलाव नहीं करना होगा। न सामान्य पेट्रोल कारें बंद होंगी और न ही उनमें ई-100 इस्तेमाल करने के लिए बदलाव कराना जरूरी है।

केंद्र सरकार ने सेंट्रल मोटर व्हीकल्स रूल्स में संशोधन कर ई85 के साथ ई100 ईंधन को भी उत्सर्जन संबंधी प्रावधानों में शामिल किया है।

अधिवक्ता अनुष्का चक्रवर्ती की संदिग्ध मौत की जांच अब डीएसपी करेंगे, हाईकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में दिया अंडरटेकिंग

संताल एक्सप्रेस

रांची। हजारीबाग में अधिवक्ता अनुष्का चक्रवर्ती की संदिग्ध मौत के मामले की जांच अब पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के अधिकारी करेंगे। सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अंडरटेकिंग देकर अदालत को इसकी जानकारी दी। सरकार की ओर से बताया गया कि अब तक मामले का अनुसंधान सब-इंस्पेक्टर (एसआई) स्तर के अधिकारी कर रहे थे, लेकिन अब इसकी जि मेदारी डीएसपी रैंक के अधिकारी को सौंपी जाएगी। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को डीएसपी रैंक के अधिकारी से मामले का अनुसंधान कराने और जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया। अदालत ने दो नवंबर तक अनुसंधान की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को भी कहा है। मामले की अगली सुनवाई दो नवंबर को सुबह 11:30 बजे होगी।

उल्लेखनीय है कि हजारीबाग के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र स्थित गुप्ता कॉम्प्लेक्स के एक लैट में अधिवक्ता अनुष्का चक्रवर्ती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। अनुष्का ने करीब तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था और वह अपने पति के साथ इसी लैट में रह रही थीं। उनकी मौत के बाद परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि अनुष्का की मौत से जुड़ी कई परिस्थितियां संदेह पैदा करती हैं। महज तीन घंटे के भीतर शव का दो बार पोस्टमार्टम किए जाने पर भी सवाल उठाए गए। अदालत को बताया गया कि जिस स्थिति में अनुष्का का शव मिला था, उसमें उनके पैर जमीन से सटे हुए थे। साथ ही शरीर पर चोट के निशान होने की बात भी कही गई। इन परिस्थितियों का हवाला देते हुए मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह किया गया। मृतका के भाई देवजीत चक्रवर्ती ने झारखंड उच्च न्यायालय में क्रिमिनल रिट याचिका दायर कर पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

वहीं, अनुष्का के पिता सुनील कुमार चक्रवर्ती ने अपने दामाद और उसके माता-पिता पर दहेज के लिए बेटी को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने तथा उसकी हत्या कर शव को पंखे से लटकाने का आरोप लगाया है। अब डीएसपी रैंक के अधिकारी मामले का अनुसंधान करेंगे। अगली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को अदालत के समक्ष जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

पीएम के दिवंगत पिता पर खरगे की टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने किया कांग्रेस प्रदेश कार्यालय का घेराव

संताल एक्सप्रेस

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के प्रति कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के जरिये पटना में की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने सोमवार को रांची स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय का घेराव किया।

रांची महानगर, रांची पूर्वी एवं रांची पश्चिमी जिला भाजपा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के जरिये किया गया।घेराव कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शहीद चौक स्थित जिला स्कूल परिसर में एकत्रित हुए। यहां से सभी कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में कांग्रेस प्रदेश कार्यालय की ओर कूच कर गए। इस दौरान कार्यकर्ता कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए खड़गे की टिप्पणी पर अपना विरोध जता रहे थे।

राजनीति में मतभेद स्वाभाविक लेकिन व्यक्तिगत मर्यादा और सम्मान से समझौता स्वीकार्य नहीं : आदित्य

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन व्यक्तिगत मर्यादा और सम्मान से समझौता स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के प्रति की गई टिप्पणी राजनीतिक मर्यादा और सार्वजनिक जीवन की गरिमा से जुड़ा गंभीर विषय है। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के बीच विचारों का मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन राजनीतिक विरोध में किसी के दिवंगत परिजन को निशाना बनाना उचित नहीं है। लेकिन कांग्रेस लगातार इन लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन करती रही है। इसके लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उन्होंने देशवासियों से माफी मांगने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता के जनादेश से चुने हुए प्रधानमंत्री हैं। उनके राजनीतिक विचारों और नीतियों का विरोध लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर अमर्यादित टिप्पणी करना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता पर टिप्पणी अशोभनीय, खरगे देशवासियों से माफी मांगें : बाबूलाल मरांडी

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता के संदर्भ में की गई टिप्पणी और भाषा के प्रयोग को अशोभनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण बतलाते हुए कांग्रेस या खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन से इसके लिए देशवासियों से अविलंब माफी मांगने की मांग की है। कांग्रेस कार्यालय के घेराव कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रविंद्र राय, प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी, सरोज सिंह, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, सतीश सिन्हा, नीरज सिंह, अजय राय, संदीप वर्मा, अशोक बडाईक, किसान मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित रांची महानगर, रांची पूर्वी एवं रांची पश्चिमी जिले के सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

100 किलोवाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का शुभारंभ

रांची। झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को रांची जिले के मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा में 15.01 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पांच हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले आधुनिक शीतगृह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने 100 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र का भी शुभारंभ किया। साथ ही सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को कृषि उत्पादों के परिवहन एवं विपणन के लिए एक करोड़ चार लाख 50 हजार रुपये की परिसंपत्तियां वितरित कीं।लगभग दो एकड़ क्षेत्र में निर्मित इस शीतगृह में मल्टी-चेंबर व्यवस्था और फ्रेऑन गैस आधारित रेफ्रिजरेशन तकनीक का उपयोग किया गया है। फलों और हरी सब्जियों के भंडारण के लिए 125-125 मीट्रिक टन क्षमता वाले दो अलग-अलग चैंबर बनाए गए हैं। शीतगृह के संचालन की जिम्मेदारी बेंगलुरु की मेसर्स रेडवुड होल्डिंग्स एंड रियल्टी सर्विसेज एलएलपी को सौंपी गई है।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि इस शीतगृह के शुरू होने से किसानों को अपनी उपज लंबे समय तक सुरक्षित रखने की सुविधा मिलेगी। मंत्री ने बताया कि बुढ़ाखुखरा शीतगृह परियोजना वर्ष 2018 में शुरू हुई थी। कृषि मंत्री ने टांगरबसली बाजार शेड का भी उद्घाटन किया।इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि, किसान संगठनों के सदस्य और अन्य लोग उपस्थित थे।

जेलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति का मामला : हाई कोर्ट ने गृह सचिव को 7 दिसंबर तक आदेश का अनुपालन करने का दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस

रांची । झारखंड उच्च न्यायालय में सोमवार को राज्य की जेलों में रिक्त पदों पर नियुक्ति के मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान मु य न्यायाधीश एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गृह सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई पर सात दिसंबर तक रोक बढ़ाते हुए अदालत के पूर्व आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में जेलों में रिक्त पदों को भरने संबंधी आदेश का पालन किया जाए।सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मोह मद शहाबुद्दीन ने कारण बताओ नोटिस का जवाब दाखिल किया। सरकार ने अदालत को बताया कि गृह विभाग ने असिस्टेंट जेलर और जेल वार्डर के पदों पर नियुक्ति के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (फिजिकल टेस्ट) का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। अलग-अलग जोन में अलग-अलग तिथियों पर परीक्षा आयोजित की जाएगी और भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। हालांकि, अदालत ने सरकार के इस जवाब पर असंतोष जताया। वहीं, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल ने पक्ष रखा।उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने एक अप्रैल को राज्य सरकार और संबंधित नियुक्ति आयोगों जेपीएससी तथा जेएसएससी को झारखंड की जेलों में रिक्त पदों पर छह महीने के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया था।

इसके बावजूद निर्धारित समयसीमा में आदेश का अनुपालन नहीं होने पर अदालत ने नाराजगी जताई थी।पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने न्यायालय के आदेशों का समयबद्ध अनुपालन नहीं करने और बार-बार समय बढ़ाने का आग्रह किए जाने पर राज्य की गृह सचिव वंदना दादेल और जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता के खिलाफ स त रुख अपनाया था। अदालत ने दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा था कि उनके खिलाफ न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 के तहत कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जाए। साथ ही दोनों को एक सप्ताह के भीतर शपथपत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया था।गौरतलब है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने जेल सुधार और मॉडल जेल मैनुअल के अनुपालन से जुड़े मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान राज्य की जेलों में कर्मचारियों और अधिकारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति का मुद्दा भी अदालत के समक्ष विचाराधीन है।

लातेहार :20 घंटे बाद फॉल में डूबे दो युवकों का शव बरामद

लातेहार । जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र स्थित डाटम-पाटम फॉल में रविवार को डूबे दो युवकों के शव 20 घंटे बाद सोमवार को बरामद किया गया।जिला प्रशासन की ओर से बुलायी गयी एनडीआरएफ की टीम ने दोनों शवों को पानी से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान बालूमाथ थाना क्षेत्र निवासी आकिब कुरैशी (21) और पलामू जिले के पांकी निवासी आसिफ अंसारी (22) के रूप में हुई है।स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों युवक रविवार को घूमने के उद्देश्य से डाटम-पाटम फॉल पहुंचे थे। वहां नहाने के दौरान दोनों युवक गहरे पानी में चले गए और पानी में डूब गए।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और युवकों को बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी की गहराई अधिक होने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलने पर हेरहंज थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों युवकों की तलाश शुरू की गई, लेकिन रविवार को सफलता नहीं मिली।इसके बाद जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। सोमवार को खोज अभियान चलाया। काफी प्रयास के बाद दोनों युवकों के शव एक ही स्थान से बरामद किए गए। पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजने की प्रक्रिया शुरू की।

व्यक्तिगत गरिमा पर प्रहार बर्दाश्त नहीं माफी मांगें कांग्रेस अध्यक्ष : संजय सेठ

रांची। रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने पटना में आयोजित डॉ. श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह के मंच से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के स्वर्गीय पिता के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। सेठ ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व राजनीतिक हताशा में शिष्टाचार और लोकतांत्रिक मर्यादा की सीमाएं लांघ रहा है। प्रधानमंत्री जी की नीतियों और कार्यों का विरोध करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उनके स्वर्गीय पिता को राजनीतिक विवाद में घसीटना निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी पराजयों से निराश कांग्रेस अब राजनीतिक विरोध और व्यक्तिगत अपमान के बीच का अंतर भूल चुकी है। भारतीय लोकतंत्र में वैचारिक मतभेदों के लिए पर्याप्त स्थान है, लेकिन किसी के स्वर्गीय माता-पिता के प्रति अपमानजनक टिप्पणी की कोई जगह नहीं हो सकती।श्री सेठ ने कांग्रेस अध्यक्ष से इस अमर्यादित बयान के लिए देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

चुनाव आयुक्त पर आरोप लगने के बाद जवाबदेही तय करना जरूरी : दीपांकर

संताल एक्सप्रेस

रांची । कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग के भीतर से ही वोट चोरी की कथित घटनाओं के सामने आने के बाद पूरे देश में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग जोर पकड़ रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब चुनाव आयोग पर इतने गंभीर आरोप लगें, तो जवाबदेही तय करना बहुत जरूरी है। दीपांकर भट्टाचार्य सोमवार को रांची के मेन रोड स्थित काली मंदिर के पास पार्टी के राज्य कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के संवैधानिक अधिकार को सीमित करने के लिए विभिन्न शर्तों के साथ पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करना नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। इस संदर्भ में उन्होंने ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की केंद्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा की ओर से पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने से इनकार किए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया। निरसा के विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि झारखंड में शिक्षा और रोजगार से जुड़े आंदोलनों में आइसा लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। जेपीएससी और जेएसएससी सहित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं से संबंधित हालिया आंदोलनों में संगठन ने छात्रों की मांगों को प्रमुखता से उठाया और सरकार पर उचित निर्णय लेने का दबाव बनाया। प्रेस वार्ता में पार्टी के पूर्व विधायक विनोद सिंह ने झारखंड के प्रवासी मजदूरों की स्थिति पर चिंता जताई। प्रेस वार्ता में पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त और सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

सीएमपीडीआई में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

रांची। सीएमपीडीआई में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026' (26 अक्टूबर से 1 नवम्बर, 2026) की शुरूआत संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक चौधरी शिवराज सिंह ने कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा शपथ' दिलाने की साथ की। शपथ सम्पन्न होने के उपरान्त अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक चौधरी शिवराज सिंह, निदेशक अजय कुमार, निदेशक आनंद मोहन, सीएमपीडीआई एवं सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक कंचन सिन्हा, महाप्रबंधक अमरेश कुमार तथा अन्य महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों ने इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की।इस मौके पर सिंह ने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026' की थीम-''सत्यनिष्ठा से समृद्धि'' के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत के ऊर्जा क्षेत्र में योगदान देने वाले एक विश्वसनीय संगठन के रूप में सीएमपीडीआई की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खनन से जुड़े डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये राष्ट्रीय योजना और निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार होते हैं। अपने समापन संदेश में उन्होंने कहा कि संस्थागत विश्वसनीयता को मजबूत करने और सतत समृद्धि प्राप्त करने के लिए, व्यक्तिगत कार्यों और संगठनात्मक निर्णयों में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और सही काम करने के प्रति आंतरिक प्रतिबद्धता का होना आवश्यक है।

प्रसूता की मौत पर जीवन ज्योति नर्सिंग होम का पंजीकरण निलंबित

पलामू । जिले में प्रसूता की मौत के मामले को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है। मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज रोड स्थित जीवन ज्योति नर्सिंग होम में प्रसूता की मौत के संबंध में दिए गए कारण बताओ नोटिस के जवाब से विभाग संतुष्ट नहीं है। इसके बाद असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को अस्पताल की उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का आकलन के लिए सदस्यीय जांच दल का गठन किया है।

धनबाद में 6,686 पैकेट नकली सिगरेट जब्त, एक आरोपित गिरफ्तार

धनबाद । धनबाद में नकली सिगरेट के कारोबार का खुलासा हुआ है। बरवाअड्डा पुलिस ने सोमवार को किसान चौक के समीप छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली सिगरेट जब्त की है। मौके से बगुला बस्ती निवासी नंदन बरनवाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कुल 6,686 पैकेट नकली सिगरेट बरामद किए हैं, जिनकी कीमत करीब चार लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में ग्रामीण इलाकों की छोटी-छोटी दुकानों में नकली सिगरेट खपाने की बात सामने आई है। यह जानकारी डीएसपी मुख्यालय-1 कुमार बिनोद ने बरवाअड्डा थाने में प्रेसवार्ता कर दी।मामले में अवनेश आईपीआर सर्विस कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर योगेश तोमर की शिकायत पर बरवाअड्डा पुलिस ने किसान चौक के समीप छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 6,686 पैकेट नकली सिगरेट जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब चार लाख रुपये है।इस मामले में पुलिस ने बगुला बस्ती निवासी नंदन बरनवाल को गिरफ्तार किया है।

भतीजे की हत्या के छह घंटे के भीतर चाचा और उसका बेटा गिरफ्तार

धनबाद । जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के घोसखोडीह में जमीन विवाद को लेकर दौलतराम महतो (32) की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के महज छह घंटे के भीतर मुख्य आरोपित चाचा त्रिवेणी प्रसाद महतो और उसके बेटे सूर्यकांत महतो को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों को बरियापुर से गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई है। मृतक के भाई साहेब राम महतो ने अपने ही परिवार के सदस्यों पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार, घसकोडीह निवासी दौलतराम महतो सोमवार को बाइक से फल खरीदने बाजार जा रहे थे। इसी दौरान निचितपुर जाने वाली सड़क पर उन पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का आरोप है। हमले में गला काटे जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।मृतक के भाई साहेब राम महतो ने त्रिवेनी प्रसाद महतो, सूर्यकांत महतो, सचिन महतो, सरयू महतो और भगिया देवी पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है।

पीएम के पिता पर टिप्पणी पर देश से माफी मांगें खरगे : मंत्री

धनबाद । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बिहार के मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा 'हम' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन ने तीखा हमला बोला है। धनबाद में उन्होंने खरगे की भाषा को अशोभनीय और असंवैधानिक बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी और देश की जनता से माफी मांगने की मांग की। वहीं, सीजेपी आंदोलन पर उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताते हुए विदेशी ताकतों से फंडिंग मिलने का आरोप लगाया। इसके अलावा, अनंत सिंह के मामले पर उन्होंने इसे पार्टी का आंतरिक मामला बताया और कहा कि उनके आने-जाने से बिहार की डबल इंजन सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। संतोष सुमन धनबाद के न्यू टाउन हॉल में आयोजित 'हक की बात, हम के साथ' कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को सरकार की नीतियों और फैसलों की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी करना उचित नहीं है। संतोष सुमन ने आरोप लगाया कि खरगे की टिप्पणी से कांग्रेस की हताशा झलकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा अशोभनीय और असंवैधानिक है। साथ ही, उन्होंने खड़गे से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की जनता से माफी मांगने की मांग की।सीजेपी आंदोलन को लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि आंदोलन से जुड़े लोग देश को बांग्लादेश और नेपाल जैसा बनाने की बात करते हैं, जो संविधान और लोकतंत्र के विपरीत है। उन्होंने दावा किया कि कुछ देशविरोधी ताकतें ऐसे लोगों को फंडिंग कर रही हैं। ऐसे तत्व लोकतंत्र के लिए खतरनाक हैं और कानून के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव को अभी स्थिति समझ में नहीं आ रही है, लेकिन जब उन्हें वास्तविकता समझ आएगी, तो वह भी ऐसे लोगों से दूरी बना लेंगे।वहीं, अनंत सिंह से जुड़े सवाल पर संतोष सुमन ने इसे संबंधित पार्टी का आंतरिक मामला बताया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों में इस तरह की परिस्थितियां आती रहती हैं और पार्टी के नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। उन्होंने साफ कहा कि किसी एक व्यक्ति के आने या जाने से बिहार में डबल इंजन की सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है।

एसआईआर : झारखंड में 35 लाख मामले अब भी लंबित

रांची। झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत लाखों मामलों को निपटाना अब भी चुनौती बना हुआ है। 26 अक्टूबर तक नो मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी श्रेणियों में कुल 35.28 लाख मामले लंबित हैं। इनमें नो मैपिंग के 10.14 लाख और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के 25.13 लाख मामले शामिल हैं।वहीं, अन्य श्रेणी में 85.87 प्रतिशत मामलों को निपटाया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जिलावार और विधानसभा क्षेत्रवार स्थिति की जानकारी साझा की।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना और सूची को शुद्ध, समावेशी तथा त्रुटिरहित बनाना प्राथमिकता है. इसके लिए राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गई।बैठक में नोटिस जारी करने, दावा-आपत्ति, सुनवाई और मामलों को निपटाने पर चर्चा हुई।निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, नो मैपिंग श्रेणी में कुल 14,04,033 मामलों में से 3,89,248 मामलों को निपटाकर ईसीआईनेट पर अपडेट किया गया है। इस श्रेणी में 27.72 प्रतिशत प्रगति हुई है, जबकि 10,14,785 मामले लंबित हैं।लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी श्रेणी में कुल 45,49,961 मामलों में से 20,35,968 मामलों को निपटाया गया है। यहां 44.75 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। इसके बावजूद 25,13,993 मामले लंबित हैं।अन्य श्रेणी में स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है।कुल 1,61,65,853 मामलों में से 1,38,80,904 मामलों को निपटाकर इसीआईनेट पर अपडेट किया गया है।इस श्रेणी में 85.87 प्रतिशत काम पूरा हुआ है, जबकि 22,84,949 मामले अभी शेष हैं।जिलावार आंकड़ों में लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी श्रेणी में लोहरदगा 98.57 प्रतिशत मामलों को निपटाकर सबसे आगे है। पश्चिमी सिंहभूम में 94.78 प्रतिशत, गुमला में 80.57 प्रतिशत, सिमडेगा में 70.02 प्रतिशत और देवघर में 65.64 प्रतिशत प्रगति हुई है।इसके विपरीत गोड्डा में केवल 19.46 प्रतिशत मामलों को निपटाया गया है। पाकुड़ में 20.69 प्रतिशत, गढ़वा में 23.51 प्रतिशत, रांची में 23.81 प्रतिशत और साहिबगंज में 24.37 प्रतिशत मामले निपटाए गए हैं।नो मैपिंग श्रेणी में लोहरदगा 67.92 प्रतिशत और पश्चिमी सिंहभूम 60.12 प्रतिशत के साथ आगे हैं। गढ़वा में 48.98 प्रतिशत, सिमडेगा में 47.97 प्रतिशत और बोकारो में 39.90 प्रतिशत प्रगति हुई है।वहीं, कोडरमा में केवल 4.49 प्रतिशत और पलामू में 5.28 प्रतिशत मामले निपटाए गए हैं। गिरिडीह में 11.21 प्रतिशत, साहिबगंज में 13.12 प्रतिशत और रांची में 14.37 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है।अन्य श्रेणी में लोहरदगा ने 100 प्रतिशत मामलों को निपटाकर बेहतर प्रदर्शन किया है।

रांची में ट्रेड फेयर का आयोजन

संताल एक्सप्रेस रांची। मारवाड़ी सहायक समिति की पहल 'अपनों की उड़ान' की चतुर्थ बैठक के अवसर पर महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिवाली ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत पिछले महीनों में सदस्यों के आपसी सहयोग से लगभग साढ़े पाँच लाख रुपये का कारोबार हुआ है। इस अवसर पर नम्रता अग्रवाल को 'स्टार ऑफ द मंथ' चुना गया।मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा एवं सचिव विनोद जैन के नेतृत्व में संचालित इस पहल के प्रोजेक्ट चेयरमैन अरुण भर्तिया हैं। चेयरपर्सन शिखा अग्रवाल तथा को-चेयरपर्सन खुशबू अग्रवाल एवं मोनिका अग्रवाल हैं।कार्यक्रम मेंसुरेश अग्रवाल, ललित पोद्दार,अशोक नारसरिया एवं कौशल राजगढ़िया सहित मारवाड़ी सहायक समिति के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।'अपनों की उड़ान' का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, महिला उद्यमिता एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। इस पहल के माध्यम से महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने, आपसी सहयोग को मजबूत करने तथा एक-दूसरे के उद्यमों को प्रोत्साहित करने का अवसर मिल रहा है।

अभिजीत सिंह हत्याकांड : तीन आरोपितों की सड़क पर सार्वजनिक परेड

धनबाद । धनबाद के चर्चित अभिजीत सिंह हत्याकांड में पुलिस ने तीन और आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों में पंकज यादव, सुमित और शिवाकर शामिल हैं। जेल भेजने से पहले पुलिस ने तीनों आरोपितों की हथकड़ी लगाकर सड़क पर सार्वजनिक परेड कराई। इसके साथ ही इस मामले में नामजद सभी पांच आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले पुलिस सूरज यादव और प्रशांत राउत उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।उल्लेखनीय है कि 19 अक्टूबर को एक होटल में जन्मदिन की पार्टी के दौरान अभिजीत सिंह पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल अभिजीत की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।धनबाद में अभिजीत सिंह हत्याकांड को लेकर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

खड़गे की टिप्पणी पर जामताड़ा में भाजपा का विरोध प्रदर्शन, पुतला फूंका

संताल एक्सप्रेस

जामताड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष सुमित शरण के नेतृत्व में जामताड़ा नगर के सुभाष चौक पर प्रदर्शन कर खड़गे का पुतला दहन किया। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। पार्टी की ओर से जिले के विभिन्न मंडलों में भी विरोध प्रदर्शन किए जाने की बात कही गई।जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद और प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, लेकिन व्यक्तिगत और पारिवारिक टिप्पणी किसी भी स्थिति में उचित नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व की भाषा उसकी राजनीतिक संस्कृति को दर्शाती है।

नगर अध्यक्ष प्रदीप राउत ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं, भाजपा नेता

मुरारी भूषण सिंह ने कांग्रेस पर संस्कारहीन राजनीति करने का आरोप लगाया।

जिला महामंत्री कमलेश मंडल ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस नेताओं की ऐसी बयानबाजी जनता के बीच गलत संदेश देती है।जिला उपाध्यक्ष मोहन शर्मा ने कहा कि जनता कांग्रेस की राजनीतिक शैली का जवाब चुनाव में देगी। जिला मंत्री आभा आर्या ने भी राजनीतिक मतभेदों के बीच मर्यादा बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया।

प्रदर्शन में पूर्व जिलाध्यक्ष संतन मिश्रा, सुकुमार सर्कल, चंडी चरण दे, राजेंद्र राउत, पिंटू गुप्ता, चंदन राउत, रथु दास, ब्रजेश राउत, प्रवीण मिश्रा, राजेश यादव, लालटू नायक, रंजीत राणा, टिंकू नायक, अंजनी तिवारी, सतेंद्र टुडू, ज्योति देवी, ललिता देवी, राकेश रवानी, उदय मंडल, अमित बाउरी और मिथुन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जामताड़ा में डिजिटल सुविधा की तैयारी घर बैठे ऑनलाइन दर्ज होगी शिकायत

जामताड़ा। जिले के लोगों को अब शिकायतों और आवेदनों के लिए जिला मुख्यालय का चक्कर लगाने से जल्द राहत मिल सकती है। जिला प्रशासन विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम शुरू करने की तैयारी कर रहा है, जिसके जरिए नागरिक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे और उसकी स्थिति भी जान पाएंगे।सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की समीक्षा बैठक हुई। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी संतोष कुमार घोष ने नई व्यवस्था की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया। उपायुक्त ने इसे जल्द लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।बैठक में प्रज्ञा केंद्रों, झारसेवा पोर्टल, भारतनेट कनेक्टिविटी, यूआईडीएआई और डिजिटल पंचायत की भी समीक्षा हुई। उपायुक्त ने बंद प्रज्ञा केंद्रों को चालू कराने तथा पंचायतों में इंटरनेट सेवा दुरुस्त करने पर जोर दिया। झारसेवा पोर्टल के लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश भी दिया गया।बैठक में एसडीओ अनंत कुमार, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

रांची में राशन डीलरों का होगा सेमिनार

जामताड़ा। झारखंड में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों की लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से मुलाकात की। इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी देव कुमार साव ने मंत्री को मांग-पत्र सौंपकर डीलरों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।मुलाकात के दौरान मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि डीलरों की समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पेपरलेस व्यवस्था लागू करने और लाइसेंस स्थानांतरण से जुड़ी फाइलें उनके पास हैं। इस संबंध में सचिव से बातचीत कर जरूरी स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।प्रतिनिधिमंडल ने रांची में राज्यस्तरीय भव्य सेमिनार आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा। मंत्री ने इस पहल पर सहमति जताते हुए आयोजन का आश्वासन दिया। उन्होंने संकेत दिया कि सेमिनार के दौरान राज्य के राशन डीलरों के हित में कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जा सकती हैं।बैठक में लंबित कमीशन भुगतान, कमीशन दर में बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। संगठन ने उम्मीद जताई कि सरकार के सकारात्मक रुख से डीलरों को राहत मिलेगी। मांग-पत्र सौंपने के दौरान जामताड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय कुमार दुबे भी उपस्थित थे।

शरद पूर्णिमा पर दमा रोगियों को बांटी गई खीर के साथ आयुर्वेदिक दवा

मेहरमा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टैगोर स्कूल, पिरोजपुर में इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार दमा एवं हांफनी से पीड़ित लोगों के बीच आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। चित्रकूट पर्वत की आयुर्वेदिक दवा को रात्रि में खीर के साथ मिलाकर लोगों को दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग दवा लेने पहुंचे। इस दौरान सेवा और सहयोग के साथ रात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।कार्यक्रम के आयोजक जगदीश चनानी उर्फ जग्गू चनानी ने कहा कि यह आयोजन हर वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि दवा का सेवन करने से कई दमा रोगियों को लाभ मिला है। उनके अनुसार, लगातार तीन वर्षों तक दवा का सेवन करने वाले लोगों को बीमारी से राहत मिल सकती है। हालांकि, दवा की प्रभावशीलता को लेकर किए गए इन दावों की स्वतंत्र चिकित्सकीय पुष्टि की जानकारी नहीं दी गई।कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगेश कौशल ने किया। इस अवसर पर सावित्री आंतरिक सेवा ट्रस्ट के प्रोफेसर सुदामा महतो, परमानंद केजरीवाल, गोविंद चनानी, गुरुदेव साह, नितिन कुमार, स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद, चंदन राज, रामू साह, राहुल मिश्रा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बबलू साह और चंदन मंडल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने दवा लेने पहुंचे लोगों की सेवा और सहयोग में योगदान दिया। रात्रि जागरण के दौरान भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। वाद्य यंत्रों पर दीपक केजरीवाल, प्रमोद तिवारी और महेश ने संगत दी। वहीं गायिका गौरी कुमारी, राजेश गोस्वामी, वीरेंद्र मंडल, बमभोल मंडल और राहुल मिश्रा ने भजनों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं।

मिठाई दुकान का एस्बेस्टस तोड़ 26 हजार की चोरी

करमाटांड़ । थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित एक मिठाई दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने रात के अंधेरे में दुकान का शटर तोड़कर गल्ले में रखे करीब 26 हजार रुपये उड़ा लिये।घटना को लेकर दुकान के मालिक पारस साह, पिता स्व. भोला साह, ग्राम+पो+थाना करमाटांड़ ने करमाटांड़ थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया है।आवेदन में उन्होंने बताया है कि दिनांक 25/10/2026 को वे प्रतिदिन की भांति दुकान बंद कर घर चले गये थे। सुबह लौटे तो देखा कि दुकान का ऊपर का अल्बेस्टर टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखे लगभग 26,000 रुपये गायब थे।पीड़ित के अनुसार यह राशि उन्होंने लक्ष्मी पूजा को लेकर स्टाफ को भुगतान करने के लिए रखी थी।दुकानदार ने बताया कि उनकी दुकान में इस तरह की घटना पहले भी हो चुकी है। पिछले वर्ष भी इसी तरह शटर तोड़कर पैसे की चोरी की गई थी।इधर घटना की सूचना मिलने के बाद करमाटांड़ पुलिस मामले की जांच में जुट गई

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

जामताड़ा। बच्चों को शोषण से बचाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चाकड़ी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सुरक्षित बचपन अभियान पर विशेष जोर दिया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष अनुज कुमार एवं सचिव पवन कुमार के मार्गदर्शन में एलएडीसीएस अधिवक्ता सरिता बर्मन और दिलीप कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, 2012, बाल अधिकारों तथा बाल विवाह निषेध से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।अधिवक्ताओं ने बच्चों को समझाया कि छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न या किसी अन्य प्रकार के शोषण की स्थिति में चुप रहने के बजाय माता-पिता, शिक्षकों अथवा जिम्मेदार व्यक्तियों को जानकारी दें और जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता लें। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए इसे रोकने में समाज की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम में अधिकार मित्र अमित कुमार मिश्रा, निताई मंडल एवं मौसमी मुर्मू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सुंदरपहाड़ी में मानिकबथान नदी के पास चिप्स लदा हाइवा पलटा

संताल एक्सप्रेस

सुंदरपहाड़ी। गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मानिकबथान नदी के पास चिप्स से लदा एक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में हाइवा क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि राहत की बात यह रही कि चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार, चिप्स लदा हाइवा मानिकबथान नदी के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद हाइवा को काफी नुकसान पहुंचा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और राहत कार्य में सहयोग किया।

पुलिस तथा स्थानीय लोगों की मदद से वाहन में फंसे चालक और उपचालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जर्जर पुल और सड़क पर उठे सवाल दुर्घटना के

बाद स्थानीय लोगों ने क्षेत्र की सड़क और पुल की स्थिति को लेकर चिंता जताई। कुछ स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के पीछे मानिकबथान नदी के पास स्थित छोटी पुलिया और सड़क की जर्जर स्थिति के साथ-साथ वाहन पर क्षमता से अधिक चिप्स लदा होना भी संभावित कारण हो सकता है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।भारी वाहनों की आवाजाही पर उठे सवाल

इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में जर्जर सड़क और छोटी पुलिया से भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि पुलिया और सड़क की स्थिति खराब है तथा भारी वाहन क्षमता से अधिक भार लेकर गुजरते हैं, तो ऐसी जगहों पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि संबंधित विभाग को सड़क और पुलिया की स्थिति की जांच कर आवश्यक मरम्मत करानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

काली पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्य बनाने पर जोर

हनवारा प्रतिनिधि। महागामा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विश्वासखानी गांव स्थित मां काली मंदिर परिसर में आगामी काली पूजा समारोह के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष अनूप लाल सिंह ने की। बैठक में आगामी काली पूजा मेले की तैयारी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन और दंगल प्रतियोगिता को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पूजा समारोह को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।बैठक में मेले के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और दंगल प्रतियोगिता को बेहतर तरीके से आयोजित करने पर विशेष चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखते हुए कहा कि पूजा समारोह को सफल बनाने के लिए सभी ग्रामीणों, युवाओं और पूजा समिति के सदस्यों की सहभागिता जरूरी है। सभी के सामूहिक प्रयास से ही इस धार्मिक आयोजन को बेहतर और यादगार बनाया जा सकता है।बैठक में कहा गया कि मां काली पूजा गांव की आस्था और परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है। पूजा के दौरान आसपास के गांवों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना रहती है।बैठक में कार्यक्रमों को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा ग्रामीणों के बीच आपसी सहयोग और सामंजस्य बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।काली पूजा को लेकर आयोजित इस बैठक में ग्रामीणों और युवाओं में उत्साह देखा गया। उपस्थित लोगों ने पूजा समारोह को सफल बनाने के लिए आवश्यक सहयोग देने और आयोजन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।बैठकर क में मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद साह, रमेश चंद्र साह, विष्णु ठाकुर, सोनी पासवान, सोनू कुमार मंडल, दिलीप सिंह, अमित भगत और विवेकानंद भगत सहित गांव के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

छठ महापर्व की तैयारी में तालाब में घाट निर्माण का काम शुरू

मेहरमा। दुर्गा पूजा के समापन के बाद अब क्षेत्र में दीपावली और आस्था के महापर्व छठ को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के चौरा गांव स्थित काली मंदिर तालाब में छठ घाट निर्माण का काम शुरू कर दिया गया है। गांव के युवा आपसी सहयोग से घाट को तैयार करने में जुटे हैं, ताकि छठ व्रतियों को अर्घ्य अर्पित करने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।चौरा के काली मंदिर तालाब में प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में छठ व्रती और श्रद्धालु तालाब पहुंचकर अस्ताचलगामी और उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय युवा समय रहते घाट निर्माण और साफ-सफाई की तैयारियों में जुट गए हैं।इस वर्ष छठ महापर्व को और अधिक आकर्षक एवं व्यवस्थित तरीके से मनाने की योजना बनाई जा रही है। घाट की व्यवस्था बेहतर बनाने और व्रतियों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा मिलकर काम कर रहे हैं। उनकी इस पहल से गांव में छठ पर्व को लेकर उत्साह का माहौल है।घाट निर्माण में स्थानीय युवा धीरज कुमार, जयहिंद और विकास कुमार सहित अन्य लोग सहयोग कर रहे हैं। युवाओं ने बताया कि चौरा के काली मंदिर तालाब में छठ महापर्व पारंपरिक श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस बार भी पर्व को बेहतर और आकर्षक बनाने के लिए सामूहिक प्रयास किया जा रहा है। छठ महापर्व नजदीक आने के साथ ही तैयारियों में तेजी आ रही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार भी पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न होगा।

खड़गे की टिप्पणी के विरोध में मालडीहा चौक पर पुतला फूंका

संवाददाता नाला (जामताड़ा)। भाजपा पूर्वांचल नाला मंडल की ओर से सोमवार को मालडीहा चौक पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष किशन मुर्मू ने किया। यह विरोध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर खड़गे की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ किया गया।दरअसल, 25 अक्टूबर को बिहार के पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक विवाद गहरा गया। भारतीय जनता पार्टी ने इसे प्रधानमंत्री के परिवार के प्रति अपमानजनक बताते हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। इसी क्रम में मालडीहा चौक पर पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष किशन मुर्मू, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश लोहार, रास बिहारी मंडल, मंडल महामंत्री कार्तिक रूईदास, मंडल मीडिया प्रभारी बापी सिंह, दुलाल मरांडी, दीपक खां, अनिमेष घोष, सुकुमार टुडू, बाच्चु लोहार, मिथुन और तापस कुमार दास सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने इस टिप्पणी के विरोध में अपना आक्रोश व्यक्त किया।

करमाटांड़ में धूमधाम से मनी मां लखी पूजा

करमाटांड़। हटिया प्लॉट परिसर में इस वर्ष मां लखी (लक्ष्मी) की पूजा अत्यंत ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न हुई। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को लेकर स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। पूजा समिति और ग्रामीणों के अथक प्रयासों से इस अनुष्ठान को भव्य रूप दिया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया।पूजा के पावन अवसर पर सुबह से ही मां लखी के दरबार में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों ने मां की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की और विशेष पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मां लखी से अपने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और आरोग्य का आशीर्वाद मांगा। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की गूंज और धूप-अगरबत्ती की महक से पूरा पूजा पंडाल और आसपास का इलाका सराबोर नजर आया।संध्याकाल में आयोजित महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पूरा हटिया प्लॉट परिसर दीपों की रोशनी और रंग-बिरंगी बिजली की झालरों से जगमगा उठा। महिलाओं और बच्चों में पूजा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। आरती के उपरांत उपस्थित भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

दस साल से अटका मदरसे का रजिस्ट्रेशन पूरा

संताल एक्सप्रेस जामताड़ा। सरकारी कार्यालयों में करीब दस वर्षों से लंबित मदरसे के रजिस्ट्रेशन का मामला आखिरकार सुलझ गया। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के हस्तक्षेप के बाद छायाटांड़, सुबदुडीह स्थित मदरसा अहले सुन्नत हनफिया रिजविया का पंजीकरण पूरा होने पर मदरसा कमेटी और ग्रामीणों में खुशी है।जानकारी के अनुसार, मदरसे के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया वर्ष 2016 में शुरू हुई थी। हालांकि, लंबे समय तक विभागीय प्रक्रियाओं के कारण मामला आगे नहीं बढ़ सका। कमेटी के सदस्यों ने जब इस समस्या से मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को अवगत कराया, तो उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए आईजी रजिस्ट्रेशन से फोन पर बात की और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।मंत्री की पहल के बाद वर्षों से लंबित प्रक्रिया पूरी हुई। इसके बाद मदरसा कमेटी के सदस्यों और ग्रामीणों ने फोन कर मंत्री के प्रति आभार जताया। समाजसेवी तनवीर आलम ने भी मंत्री को धन्यवाद देते हुए उनकी तत्परता की सराहना की।ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से अटके इस कार्य के पूरा होने से बड़ी राहत मिली है। इस घटनाक्रम ने एक बार फिर स्थानीय जनसमस्याओं के समाधान में त्वरित पहल के महत्व को सामने रखा है।

सुर और ताल' प्रतियोगिता में गोड्डा का जलवा

गोड्डा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा आयोजित संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय 'सुर और ताल' प्रतियोगिता में गोड्डा जिले के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चारों विधाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ सभी विजेता प्रतिभागियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर जिले का नाम रोशन किया है।दुमका के इंडोर स्टेडियम में सोमवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, रमला के छात्र अमन झा ने सीनियर नृत्य वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, जूनियर नृत्य वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कन्या, मदनचौकी की छात्रा योगिता कुमारी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।सीनियर गायन वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ठाकुरगंगटी की छात्रा राखी कुमारी तथा जूनियर गायन वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बोआरीजोर की छात्रा अनीसा हांसदा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ शिक्षक अनंत कुमार यादव, सावित्री सोरेन, अमर रजक, धर्मेंद्र कुमार एवं नीरज कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

पुलिस ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तहार

गोड्डा। न्यायालय में चल रहे मामले में फरार आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के तहत उसके घर पर न्यायालय का इश्तहार चिपकाया गया। न्यायालय के आदेश पर जारी इश्तहार के माध्यम से आरोपी को निर्धारित तिथि पर अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, गोड्डा नगर थाना कांड संख्या 266/25 के आरोपी राजेंद्र महतो, पिता मयूर महतो, निवासी बिलारी, थाना गोड्डा नगर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) एवं 334(1) के तहत मामला दर्ज है।मामले में आरोपी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के बाद उसके विरुद्ध इश्तहार जारी किया गया। इसके तहत संबंधित पदाधिकारी ने आरोपी के आवास पर इश्तहार चिपकाकर उसे न्यायालय में उपस्थित होने की सूचना दी। इश्तहार में आरोपी को 12 नवंबर 2026 को न्यायालय में हाजिर होने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित तिथि पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उक्त कार्रवाई में नगर थाना के एसआई ऊषा कुमारी सहित पुलिस बल मौजूद थे।

बेथेल मिशन ने जेपी हॉली मिशन को 90 रनों से किया पराजित

गोड्डा। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित रितेश मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट लीग में बेथेल मिशन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेपी हॉली मिशन स्कूल को 90 रनों से पराजित किया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बेथेल मिशन की टीम ने निर्धारित 18 ओवर में 145 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। तनिश ने 26 रन एवं प्रियांशु ने 24 रन की पारी खेली। जेपी होली मिशन के सुमित गोस्वामी ने 3 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेपी हॉली मिशन स्कूल की टीम बेथेल मिशन के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 11.1 ओवर में महज 55 रन पर सिमट गई। उत्तम ने सर्वाधिक 16 रन की पारी खेली।उन्होंने 16 गेंदों पर 24 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। इसके अलावा गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में 6 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार साहिल मेहरा के द्वारा दिया गया।वहीं दूसरे मैच में मधु स्थली पब्लिक स्कूल ने माउंट असीसी स्कूल, पोड़ैयाहाट को 69 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मधु स्थली पब्लिक स्कूल ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 156 रन का स्कोर खड़ा किया। शिवम ने शानदार 71 रन की पारी खेली। माउंट असीसी पोड़ैयाहाट के आदर्श राज आर्या ने 3 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहम्मद काशिफ को वार्ड पार्षद मोहम्मद इदरीश उर्फ चट्टान के द्वारा दिया गया। अंपायर की भूमिका में दिव्यप्रकाश, विजय, प्रभु एवं स्कोरर की भूमिका में मोहम्मद तौसीफ थे। इस अवसर पर संघ के कोषाध्यक्ष सनोज कुमार, राजन झा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

पहाड़पुर में मना मां लक्ष्मी का पूजनोत्सव



संवाददाता नाला (जामताड़ा)। नाला प्रखंड क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां लक्ष्मी का पूजनोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पूजा के दौरान पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। पंडित नित्यानंद चक्रवर्ती द्वारा विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की गई । पूजा-अर्चना में श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से शामिल होकर मां लक्ष्मी से सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की मालुम हो कि पहाड़पुर गांव में लक्ष्मी पूजा प्रमुख धार्मिक आयोजनों में से एक है। इस पूजनोत्सव को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। पूजा के अवसर पर गांव में कुटुंब-परिजनों और रिश्तेदारों का जमावड़ा रहा। दूर-दराज में रहने वाले लोग भी इस अवसर पर अपने गांव पहुंचते और परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पूजा में शामील हुए। इससे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।पूजा कमेटी की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजनोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन की गई थी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने का अवसर मिलता है। ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते हुए उत्सव में अपनी सहभागिता निभाते हैं। मां लक्ष्मी की आराधना और धार्मिक आयोजनों से पूरे क्षेत्र में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण बना रहा।पहाड़पुर में लक्ष्मी पूजा के सफल आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाने में जय कविराज, चंदन चक्रवर्ती, नीलकांत मेहतरी, अतनु बादयकर, देवराज पांडे, मानस कविराज, बाबन भंडारी, रपन कविराज, राणा कविराज, अंकन कविराज, आकाश मेहतरी, अरूप कविराज, अयन कविराज, राज दे,अनिर्बान दे सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भुमिका रही । सभी सदस्य मिलकर पूजनोत्सव को श्रद्धा, उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग किया।

प्रशिक्षण के इंतजार में क्यों खड़े हैं देश के भावी अफसर?

प्रतिवर्ष अगस्त और सितंबर का महीना लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में एक नई ऊर्जा लेकर आता है, लेकिन अब अक्टूबर गुजर रहा है और संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा के नवीनतम बैच का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम अब तक शुरू नहीं हो सका है। अंतिम परिणाम घोषित होने के बावजूद, सैकड़ों चयनित उम्मीदवार सेवा और संवर्ग आवंटन की राह देख रहे हैं। इस अभूतपूर्व देरी के केंद्र में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की प्रशासनिक उलझनें और आरक्षण नियमों, विशेषकर अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमी लेयर प्रावधानों से जुड़े गहरे विवाद हैं। इस वर्तमान गतिरोध की मुख्य वजह कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन और 2004 के स्पष्टीकरण पत्र का गलत प्रशासनिक अनुपालन है। मूल कार्यालय ज्ञापन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रथम और द्वितीय श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रीमी लेयर का निर्धारण माता-पिता के पद और उनकी पदोन्नति की आयु के आधार पर होगा, न कि उनके वेतन के आधार पर। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया था कि आय की गणना में वेतन और कृषि से होने वाली आय को नहीं जोड़ा जाएगा। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए विभाग और राजस्व अधिकारियों ने स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर लगातार गलतियां कीं। पदों की समानता तय न होने की आड़ में अधिकारियों ने इन कर्मचारियों के वेतन को अन्य आय के साथ जोड़कर कई मेधावी उम्मीदवारों को आरक्षण के लाभ से वंचित कर दिया। इस अन्याय के खिलाफ मामला जब उच्चतम न्यायालय पहुंचा, तो अदालत ने 2026 में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सरकार की इस कार्यप्रणाली को असंवैधानिक और भेदभावपूर्ण करार दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि मूल ज्ञापन के तहत वेतन को सामाजिक उन्नति का एकमात्र पैमाना नहीं माना जा सकता। अदालत ने सरकार को छह महीने के भीतर प्रभावित उम्मीदवारों को समायोजित करने और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पद सृजित करने का निर्देश दिया। वर्तमान में कार्मिक विभाग इसी फैसले के पेंच में उलझा है। हाल ही में केंद्र सरकार ने न्यायालय में एक याचिका दायर कर इस फैसले को पूर्वव्यापी के बजाय भविष्यलक्षी प्रभाव से लागू करने की मांग की है, ताकि पुरानी भर्तियों को फिर से खोलने से होने वाली प्रशासनिक अराजकता से बचा जा सके। जब तक इस पर न्यायालय का अंतिम आदेश नहीं आ जाता, तब तक नए बैच का सेवा आवंटन रुका हुआ है।आरक्षण नियमों के गलत प्रयोग का यह विवाद कोई इकलौती घटना नहीं है, बल्कि यह भर्ती एजेंसियों द्वारा आरक्षित वर्ग के मेधावी उम्मीदवारों को अनारक्षित श्रेणी में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया और कानूनों की जटिलताओं को न समझ पाने की एक बड़ी श्रृंखला का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रांतीय सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम पर लगी रोक और राज्य का 69,000 सहायक शिक्षक भर्ती मामला इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं, जहां मेधावी आरक्षित उम्मीदवारों को अनारक्षित श्रेणी में सही ढंग से स्थानांतरित नहीं किया गया। अकसर एजेंसियां यह समझने में विफल रहती हैं कि आयु सीमा या परीक्षा शुल्क में दी गई रियायतें किसी भी मेधावी आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी को अपनी उत्कृष्ट मेधा के आधार पर अनारक्षित श्रेणी में जाने से नहीं रोकती हैं।लोक सेवा भर्ती परीक्षाओं में लगातार बढ़ते मुकदमों और चयन प्रक्रियाओं के अंतहीन गतिरोध से निपटने के लिए अब बुनियादी और संस्थागत सुधारों की सख्त जरूरत है। इसके समाधान के रूप में सबसे पहला कदम भर्ती अधिकारियों का विधिक व संवैधानिक क्षमता निर्माण है। राज्य लोक सेवा आयोगों और केंद्रीय विभागों के नीति निर्माताओं को आरक्षण न्यायशास्त्र का गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही, मानवीय और प्रशासनिक त्रुटियों को रोकने के लिए आरक्षण रोस्टर प्रणाली और पदों की गणना को मानकीकृत तकनीकी प्रणाली के माध्यम से पूरे तरह स्वचालित किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक भर्ती एजेंसी में सामान्य प्रशासकों पर निर्भरता कम कर संवैधानिक व सेवा विधि के विशेषज्ञों का एक स्वतंत्र विधिक प्रकोष्ठ स्थापित किया जाना चाहिए, जो किसी भी विज्ञापन के जारी होने से पूर्व ही नियमों की बारीक न्यायिक समीक्षा करे।चयनित उम्मीदवारों का प्रशिक्षण अकादमी पहुंचने का यह लंबा इंतजार केवल कुछ व्यक्तियों की आजीविका का नुकसान नहीं है, बल्कि यह देश की शीर्ष नौकरशाही की आपूर्ति श्रृंखला में एक बड़ा गतिरोध है। जब तक सभी जिम्मेदार एजेंसियां आरक्षण के संवैधानिक प्रावधानों को स्पष्ट रूप से नहीं अपनातीं और आवश्यक तकनीकी व विधिक सुधार लागू नहीं करतीं, तब तक न्यायिक हस्तक्षेप और मुकदमों का यह अंबार भारत की सार्वजनिक भर्ती प्रणाली की एक स्थायी और दुर्भाग्यपूर्ण विशेषता बनी रहेगी।

दिल्ली चलो रैली से कितना बदलेगा सियासी परिदृश्य?

सौरभ वार्ष्णेय

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता और नागरिक अधिकारों की अभिव्यक्ति का आधार हैं। ऐसे में जब चुनाव प्रक्रिया अथवा मतदाता सूची की शुद्धता पर सवाल उठते हैं, तो उनका महत्व किसी एक राजनीतिक दल या गठबंधन तक सीमित नहीं रहता। यह लोकतंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ा विषय बन जाता है। इसी संदर्भ में इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग के खिलाफ अपना राजनीतिक अभियान तेज करने की तैयारी की है। गठबंधन की प्रस्तावित दिल्ली चलो रैली और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रतीकात्मक जन महाभियोग की घोषणा ने चुनावी पारदर्शिता, संवैधानिक जवाबदेही और विपक्ष की राजनीति को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। वहीं एसआईआर का आशय था कि मतदाता सूचि को संशोधित किया जाये जबकि बार बार सिस्टम की नाकामी साबित सामने आ रही है। ऐसे में इंडिया गठबंधन के दिल्ली चलो रैली से किना सियासी परिदृश्य बदलेगा यह देखने वाली बात होगी? इंडिया गठबंधन को ले तो इनके प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, 30 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रतीकात्मक जन महाभियोग आयोजित किया जाएगा, जबकि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में दिल्ली चलो' रैली होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार, इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने की मांग को लेकर जनता के सामने अपना पक्ष रखा जाएगा। गठबंधन का आरोप है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं। हालांकि, इन आरोपों की वास्तविकता का आकलन संबंधित तथ्यों, दस्तावेजों और चुनाव आयोग के जवाब के आधार पर ही किया जाना चाहिए। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में मतदाता सूची तैयार करना और उसे नियमित रूप से अद्यतन रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल हो और अपात्र नाम हटाए जाएं, यह सुनिश्चित करना निर्वाचन व्यवस्था की जिम्मेदारी है। लेकिन इस प्रक्रिया में किसी पात्र नागरिक का नाम छूटने, गलत तरीके से हटने या किसी अन्य प्रकार की त्रुटि की शिकायत सामने आती है, तो उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

एसआईआर जैसी प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना हो सकता है, लेकिन उसकी सफलता केवल प्रशासनिक आंकड़ों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और नागरिकों के भरोसे से तय होगी। यदि किसी मतदाता को अपना नाम हटाए जाने या शामिल नहीं किए जाने की आशंका है, तो उसे आपत्ति दर्ज कराने, दस्तावेज प्रस्तुत करने और समयबद्ध समाधान प्राप्त करने का प्रभावी अवसर मिलना चाहिए। विशेष रूप से गरीबों, प्रवासी श्रमिकों, बुजुर्गों और उन नागरिकों के लिए व्यवस्था सरल होनी चाहिए, जिनके पास आवश्यक दस्तावेज जुटाने के सीमित साधन हैं। इंडिया गठबंधन ने इसी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को अपना प्रमुख मुद्दा बनाया है। अब महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या विपक्ष अपने आरोपों को ठोस प्रमाणों के साथ सामने रख पाएगा और क्या चुनाव आयोग प्रत्येक शिकायत का स्पष्ट एवं तथ्यपरक उत्तर देगा? लोकतांत्रिक व्यवस्था में आरोप लगाने का अधिकार विपक्ष को है, लेकिन आरोपों की जांच और निष्कर्ष तथ्यों के आधार पर ही निकलने चाहिए। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसकी विश्वसनीयता लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उसकी जिम्मेदारी केवल चुनाव संपन्न कराना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और कानून के अनुरूप हो। आयोग के प्रति जनता का विश्वास कमजोर पड़ता है, तो चुनाव परिणामों की स्वीकार्यता और राजनीतिक व्यवस्था की स्थिरता भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए चुनाव आयोग को विपक्ष की आलोचना को केवल राजनीतिक आरोप मानकर खारिज करने के बजाय, जहां आवश्यक हो, तथ्यों के साथ जवाब देना चाहिए। मतदाता सूची में संशोधन, नाम हटाने की प्रक्रिया, दावों और आपत्तियों के निस्तारण तथा शिकायतों पर कार्रवाई से संबंधित जानकारी सार्वजनिक करना इस दिशा में उपयोगी कदम हो सकता है। दूसरी ओर, किसी संवैधानिक पदाधिकारी पर लगाए गए आरोपों को प्रमाणित मान लेना भी उचित नहीं होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ इस्तीफे की मांग करना विपक्ष का राजनीतिक अधिकार है, लेकिन पद से हटाने की प्रक्रिया संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप ही हो सकती है। प्रतीकात्मक जन महाभियोग जनता के बीच राजनीतिक संदेश देने का माध्यम हो सकता है, परंतु वह अपने आप में किसी संवैधानिक पदाधिकारी को हटाने की औपचारिक कानूनी प्रक्रिया का विकल्प नहीं है।

रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली इंडिया गठबंधन के लिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने का अवसर भी होगी। चुनावी पारदर्शिता जैसे मुद्दे पर विपक्ष विभिन्न दलों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहा है। यदि गठबंधन इस अभियान को केवल नारों और आरोपों तक सीमित रखने के बजाय प्रभावित मतदाताओं, शिकायतों, दस्तावेजी साक्ष्यों और सुधार के ठोस सुझावों से जोड़ता है, तो उसे व्यापक जनसमर्थन मिल सकता है।लेकिन विपक्ष के सामने एक चुनौती यह भी है कि जनता के सामने उसकी विश्वसनीयता केवल सरकार या चुनाव आयोग की आलोचना से नहीं बनेगी। उसे यह बताना होगा कि मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर करने के लिए वह कौन-से व्यावहारिक उपाय चाहता है और नागरिकों के मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए उसकी स्पष्ट कार्ययोजना क्या है। राजनीतिक दलों के लिए यह भी जरूरी है कि वे अपनी शिकायतों को संबंधित वैधानिक मंचों पर उठाएं और उपलब्ध कानूनी उपायों का उपयोग करें।वहीं, सत्तापक्ष और चुनाव आयोग की ओर से भी अपेक्षा की जाती है कि वे इस मुद्दे को केवल विपक्ष की राजनीति बताकर टालने के बजाय सार्वजनिक विश्वास को मजबूत करने वाले कदम उठाएं। लोकतंत्र में संस्थाओं की प्रतिष्ठा आलोचना से नहीं, बल्कि पारदर्शी कामकाज, जवाबदेही और निष्पक्ष आचरण से मजबूत होती है। इंडिया गठबंधन की दिल्ली चलो रैली और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्तावित प्रतीकात्मक कार्यक्रम का वास्तविक महत्व इस बात से तय होगा कि इससे मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर कितनी सार्थक चर्चा आगे बढ़ती है। केवल भीड़ जुटाना या राजनीतिक आरोपों को दोहराना किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। इसी तरह, शिकायतों को अनदेखा करना भी लोकतांत्रिक विश्वास के लिए उचित नहीं होगा।जरूरत इस बात की है कि मतदाता सूची से जुड़ी प्रत्येक गंभीर शिकायत की निष्पक्ष जांच हो, प्रभावित नागरिकों को न्याय मिले और चुनाव आयोग अपने निर्णयों तथा प्रक्रियाओं के संबंध में पर्याप्त पारदर्शिता बनाए रखे। विपक्ष को भी अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करने चाहिए और राजनीतिक आंदोलन को संस्थागत सुधारों से जोड़ना चाहिए।

लोकतंत्र में आंदोलन के मायने

डॉ. मोनिका

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देशभर के कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन हो रहे हैं। ये प्रदर्शन किसी एक पार्टी या विचारधारा से जुड़े हुए लोगों द्वारा आयोजित नहीं होकर, इसमें कई पार्टियां और आम जनमानस शामिल है। इंटरनेट मीडिया के जमाने में जब हर विरोध को हैशटैग और ट्रॉलिंग तक सीमित कर दिया जाता है वहाँ लोगों और विशेषकर नौजवानों का सड़कों पर उतरना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। इतिहास गवाह है कि जो सरकार जितने लम्बे वक्त तक गद्दी पर रहती है उसका अभिमान उसी अनुपात में बढ़ता जाता है समय के साथ वे जनता द्वारा दिए गए प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी भूलकर सर्वेसर्वा की भूमिका में आ जाती है।

सत्ता को यह सोचने की जरूरत है कि सड़कों पर उतरे लोग केवल एक समस्या को लेकर नहीं उतरे हैं। यह समस्या तो तात्कालिक कारण भर है। उसके पीछे उन सवालों की एक लम्बी कतार है जिनके उत्तर दिए बिना उन्हें ढक देने का प्रयास किया गया था। विपक्ष एसआईआर प्रक्रिया और वोट चोरी को लेकर शुरू से ही दबाव बना रहा था लेकिन जनता तब तक इस मसले पर सक्रिय नहीं हुई जब तक नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने उनमें अपने भविष्य को लेकर असुरक्षा नहीं उत्पन्न कर दी। किसान आंदोलन हो या नीट परीक्षा के खिलाफ आंदोलन, अंततः सभी विरोध संस्थाओं और संसद पर घटते भरोसे के प्रतीक हैं। जब संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगते हैं तो असंतोष को महज उपद्रव कहके टालना आसान नहीं रह जाता। कोई भी आंदोलन एक समस्या को प्राथमिक बनाकर चलता है किन्तु उसके पीछे ऐसी कई समस्याएँ जुड़ी होती हैं जिनसे आम जनता की रोजमर्रा की जिन्दगी प्रभावित होती है। इन आंदोलनों के सिरे असुरक्षा, बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा के निजीकरण और बढ़ते चिकित्सा खर्चों से जुड़ते हैं। ये जन के भविष्य से जुड़े हैं जब भरोसा डगमगाता है तो असंतोष बढ़ना स्वाभाविक है, सभी आंदोलन इस भरोसे के छीजते जाने के संकट की ही अभिव्यक्ति हैं।

जब कोई सत्ता युवाओं को एक निश्चित फ्रेम में फिट करने की कोशिश करती है तब उसके खिलाफ उबाल आना स्वाभाविक है। जब जनता सत्ता की दिशा पहचान ले तो फिर उसे गुमराह करना आसान नहीं रह जाता। ऐसे में सत्ता को सड़क की लड़ाई के लिए तैयार रहना चाहिए। युवाओं ने जब परीक्षा की ईमानदारी को लेकर प्रश्न किए तो भले ही केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा हो लेकिन आंदोलन के तुरंत बाद ही सत्ता के प्रचार तन्त्र द्वारा आंदोलन करने वाली पीढ़ी को मूर्खता के पर्याय की तरह प्रचारित किया गया। क्या यह सब देश देख नहीं रहा था या सत्ता यह समझती है कि उनकी मंशा आजकल के नौजवान को कतई समझ नहीं आती? किसी छोटी लड़की द्वारा अपशब्द कहने पर उसे माफ़ी मांगने को बाध्य करने वाले परिस्थिति इससे पहले कभी देखने में नहीं आई। लोग तो ईश्वर को भी भरपूर गालियाँ देते हैं फिर उन्हीं लोगों के वोट द्वारा चुनी सरकार क्या ईश्वर से भी बड़ी हो गई है? एक आंदोलन जिसमें युवाओं ने लाठियाँ खाकर शिक्षामंत्री को इस्तीफा देने को विवश किया था उन्हीं मंत्री जी का इस्तीफे के बाद सत्ता पक्ष द्वारा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया जाना कैसी नैतिकता है उसकी माफी कहाँ मिलेगी?

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का मामला केवल किसी पार्टी की सत्ता आने तक सीमित नहीं है। यह इस देश के नागरिकों को उपलब्ध एकमात्र अधिकार है जिससे पूरी व्यस्क जनता जुड़ी हुई है। नागरिक अपने वोट को लेकर चिंता में हैं। मताधिकार पर आघात उनके बुनियादी अधिकारों पर आघात है। उनकी प्रतीक्षा और उम्मीदों पर आघात है। एकमात्र वोट ही है जिसके सहारे लोकतंत्र में जनता पाँच साल बाद निर्णय बदलने की स्थिति में होती है। मत पुनरीक्षण का प्रश्न शुरू से विवादास्पद ही रहा किन्तु इसे हारे हुए विपक्ष की कुंठा कहकर टाला जाता रहा। अब जब युवा छात्र संगठन आंदोलनरत हैं तब सरकार जवाब देने की बजाय उन्हें हिरासत में लेने में अपनी सुरक्षा क्यों देख रही है। अब प्रश्न केवल मतदाता सूची की अनियमितताओं का नहीं रहकर सत्ता की जवाबदेही का हो गया है। लन्दन में हुए विरोध के बाद एनआरआई के माध्यम से यह अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी मुद्दा बन रहा है। अब आंदोलनकारी आर-पार के मूड में आ गए हैं।

लोकतंत्र सिर्फ शासन चलाने की बहुमत आधारित प्रणाली भर नहीं है, यह व्यक्ति के सम्मान, स्वतन्त्रता और गरिमा की अवधारणा पर आधारित है। संविधान में मूल अधिकारों का प्रावधान इसीलिए किया गया कि कोई भी व्यवस्था बहुमत के नाम पर किसी व्यक्ति की बुनियादी स्वतन्त्रता का अपहरण न कर सके।लोकतंत्र का अर्थ सत्ता में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से बनता है। जब प्रत्येक नागरिक का मताधिकार ही सुनिश्चित न हो तब यह भागीदारी किस आधार पर बनेगी? लोकतंत्र एक राजनीतिक विचारधारा मात्र न होकर एक जीवन-दर्शन है। प्रत्येक व्यक्ति द्वारा इस व्यवस्था में अपने विवेक का प्रयोग करने के लिए समान मताधिकार का प्रावधान किया गया है। जब किसी लोकतंत्र में जनता की भागीदारी का बुनियादी प्रश्न ही संशय के घेरे में हो, तो आक्रोश होना स्वाभाविक है। मतदान लोकतंत्र के प्राण होते हैं। लोकतंत्र की पूरी प्रक्रिया मत और मतदान पर ही टिकी होती है। वोट के अधिकार से लोगों को महरूम करना उन्हें सरकार चुनने की प्रक्रिया से बाहर करना होता है। बेवजह वोट काटकर चुनी हुई सरकार, पूरी तरह लोगों के प्रतिनिधित्व पर नहीं टिकी होती। इस तरह सरकार स्वयं सवालों के घेरे में आ जाती है। ऐसे सवालों से घिरी सरकार प्रदर्शनकारियों पर जिस तरह की कार्रवाइयाँ कर रही है उससे सरकार की बौखलाहट ही अधिक प्रकट हो रही है। प्रदर्शनकारियों की रोज-रोज की गिरफ्तारी आखिर क्या साबित करती है? हजारों लोगों को गिरफ्तार करके देश को काबू में नहीं किया जा सकता। जब सत्ता एक आंदोलन को दबाने के लिए ऐसे निर्णय करने लगती है तब राष्ट्र का हर कोना जंतर-मंतर बन जाता है। जन आंदोलन सड़क पर तभी आते हैं जब सत्ता बहरी हो जाती है। दूसरों से प्रश्न करने की आदी रही बड़बोली सरकारें अपने से पूछें प्रश्नों को सुनना नहीं सीख पाती हैं। वह भूल जाती है कि सड़क पर आयी जनता का मुकाबला हिंसा से नहीं संवाद से ही किया जा सकता है। हिंसा तो अपने आप में ही ज़्यादती का प्रतीक है। सवाल केवल चुनाव आयुक्त के इस्तीफे का नहीं, व्यवस्था पर भरोसे का है। जो सरकारें असहमति और प्रश्न पूछने को गुनाह मानकर हर सवाल का जवाब पुलिस की लाठी, इंटरनेट बंदी और यातायात बंद करके देना चाहती हैं उनको जनता समय आने पर सही जवाब दे देती है। (यह लेखिका के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

पाकुड़ की खबरें

अवैध खनन के खिलाफ करें सख्त कर्रवाई, निगरानी रखें मजबूत

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियोन कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई, दर्ज प्राथमिकी, जब्त वाहनों, जुर्माना वसूली और चेकपोस्ट की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ नियमित निगरानी करें तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने चेकपोस्ट पर लगे सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील रखने तथा कैमरे, बैटरी और डिस्प्ले से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं नियमानुसार समय पर पूरी करने तथा महेशपुर क्षेत्र में बालू घाटों के संचालन से संबंधित ग्रामसभा की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने भी अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, नियमित निगरानी रखने और राजस्व संग्रहण में तेजी लाने पर जोर दिया।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, मुख्यालय डीएसपी, एसडीपीओ पाकुड़ एवं महेशपुर, माइनिंग इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

इलामी पंचायत की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिले आबू तालाहा

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। इलामी पंचायत में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान को लेकर युवा कांग्रेस के पाकुड़ विधानसभा महासचिव आबू तालाहा ने विधायक निशात आलम, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ. तनवीर आलम से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पंचायत की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान के लिए पहल करने का आग्रह किया।आबू तालाहा ने बागानपाड़ा स्थित ईदगाह के सामने तोड़ाई नदी पर पुल निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि पुल नहीं होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है और बरसात के दिनों में स्थिति और कठिन हो जाती है। इसके अलावा शंकर रविदास के घर के सामने चापाकल लगाने, ईदगाह मैदान के सामने सोलर लाइट लगाने तथा राजेश के घर के सामने घाट निर्माण कराने की मांग भी रखी।उन्होंने ग्रामीणों को विधवा पेंशन, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, श्रमिक कार्ड तथा जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही परेशानियों से भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।आबू तालाहा ने कहा कि पंचायत का समग्र विकास तभी संभव है, जब सड़क, पुल, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं सभी लोगों तक पहुंचें। उन्होंने जरूरतमंद परिवारों, अनाथ बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की सहायता करने की बात भी कही।गौरतलब है कि आबू तालाहा आगामी पंचायत चुनाव में इलामी पंचायत से मुखिया पद के संभावित उम्मीदवार के रूप में जनसंपर्क कर रहे हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी मांगों पर संबंधित जनप्रतिनिधियों और विभागों की ओर से सकारात्मक पहल की जाएगी।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। जिला कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार की अध्यक्षता में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को लेकर बैठक हुई। इसमें मध्य प्रदेश के मुरैना से विधायक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक दिनेश गुर्जर तथा झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में आगामी 1 नवंबर 2026 को दिल्ली में प्रस्तावित 'देश बचाओ आंदोलन' की तैयारियों पर चर्चा की गई। कांग्रेस

नेताओं ने लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा, मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा और मताधिकार की गरिमा बनाए रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। साथ ही पाकुड़ जिले से अधिक से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई।

जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने और आंदोलन की सफलता के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। बैठक में जमील अख्तर, मंजूर अंसारी, सुजीत सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के बाद दिनेश गुर्जर और आलमगीर आलम ने पत्रकारों के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता की। इस दौरान नेताओं ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के उद्देश्यों और दिल्ली में होने वाले आंदोलन की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मताधिकार की सुरक्षा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है। कांग्रेस जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

पत्थर चिप्स लदे दो ओवरलोड वाहन जब्त

हिरणपुर (पाकुड़)। हिरणपुर थाना पुलिस ने रविवार की रात बाजार क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पत्थर चिप्स लदे दो ओवरलोड वाहनों को जब्त किया। जब्त वाहनों के पंजीकरण नंबर बीआर 24 जीडी 9652 और बीआर 06 जीएच 0952 हैं।थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने दोनों वाहनों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई के लिए जिला खनन पदाधिकारी को पत्र भेजा है। अब खनन विभाग मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करेगा।पुलिस की इस कार्रवाई से ओवरलोड वाहनों का परिचालन करने वालों में हलचल देखी गई।

निविदा की शर्तों की जांच की मांग, उपायुक्त को सौंपा आवेदन

पाकुड़। आजसू पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अलोक जॉय पॉल ने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पाकुड़ की निविदा प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर निविदा संख्या आरडीएसएलपी/पाकुड़/04/2026-27 की शर्तों और मापदंडों की समीक्षा करने का आग्रह किया है।आवेदन के अनुसार, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के कार्यालय से 22 अक्टूबर 2026 को निविदा प्रकाशित की गई थी। इसमें निर्धारित शर्तों और कई कार्यों को एक साथ शामिल करने के कारण छोटे एवं स्थानीय संवेदकों को प्रतिस्पर्धा में परेशानी होने की आशंका जताई गई है। अलोक जॉय पॉल ने कहा कि निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि योग्य स्थानीय संवेदकों को भी समान अवसर मिल सके। उन्होंने कार्यों की प्रकृति, लागत और तकनीकी आवश्यकताओं के आधार पर नियमानुसार अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित करने पर विचार करने की मांग की।उन्होंने उपायुक्त से संबंधित अभिलेखों की जांच कराने, विभाग से स्पष्टीकरण लेने और नियमानुसार आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

`हिरणपुर में निकाला नगर कीर्तन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)। हिरणपुर में सोमवार को भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। अमेरिका, रूस और यूरोप सहित विभिन्न देशों से पहुंचे कृष्ण भक्तों ने भव्य नगर कीर्तन निकाला। हरे कृष्ण, हरे राम के जयकारों से पूरा बाजार गूंज उठा। नगर कीर्तन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।विदेशी कृष्ण भक्त पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में ढोल-नगाड़े, मृदंग और करताल की धुन पर हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए नगर भ्रमण पर निकले। उनकी भक्ति और उत्साह ने स्थानीय लोगों को भी आकर्षित किया। नगर कीर्तन हिरणपुर के मुख्य बाजार, डाकबंगला परिसर और प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरा। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर और आरती उतारकर भक्तों का स्वागत किया। महिलाओं और युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। विदेशी कृष्ण भक्तों ने कहा कि कृष्ण भक्ति किसी भाषा, देश या सीमा की मोहताज नहीं है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम और आस्था दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में बांधती है। हिरणपुर के लोगों का प्रेम और आतिथ्य देखकर वे अभिभूत हैं।नगर कीर्तन के दौरान पूरे हिरणपुर में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस आयोजन ने स्थानीय लोगों के बीच उत्साह का संचार किया

तीन महीने से झारसेवा पोर्टल पर लंबित है निवासी प्रमाण पत्र

पाकुड़। महेशपुर प्रखंड के चंडालमारा गांव निवासी मौसम मंडल पिछले करीब तीन महीने से स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के लिए इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने 1 अगस्त 2026 को झारसेवा पोर्टल पर अंचल अधिकारी के स्तर से ऑनलाइन आवेदन किया था। आवेदन की रसीद संख्या छ्वारूक्रस्ह्र/2026/638072 है, लेकिन अब तक प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ है।आवेदक का कहना है कि निर्धारित समय-सीमा बीतने के बावजूद प्रमाण पत्र नहीं मिलने से उन्हें परेशानी हो रही है। इस मामले में आवेदन किस स्तर पर लंबित है और देरी का कारण क्या है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।मौसम मंडल ने जिला प्रशासन और उपायुक्त से हस्तक्षेप कर आवेदन की स्थिति की जांच कराने तथा नियमानुसार जल्द प्रमाण पत्र जारी कराने की मांग की है। मामले ने ऑनलाइन सरकारी सेवाओं के समयबद्ध निष्पादन पर सवाल खड़े किए हैं।

प्रोजेक्ट इम्पैक्ट से सुधरेगा स्कूली माहौल

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता एवं समावेशी वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को समाहरणालय सभागार में प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों, सीआरपी एवं बीआरपी ने भाग लिया।

कार्यशाला में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए पूरे वर्ष तथा कक्षा छह से 12 तक के लिए छह महीने की शनिवार गतिविधि योजना की जानकारी दी गई। इसके तहत स्वच्छता, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, सड़क सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा जैसे विषयों पर बच्चों को जागरूक किया जाएगा।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि विद्यालयों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित कर स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों को सम्मानित करने के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की जाएगी।उन्होंने शिक्षकों को प्रोजेक्ट इम्पैक्ट का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों में सुरक्षित एवं भेदभावमुक्त वातावरण विकसित करने का निर्देश दिया।

अमड़ापाड़ा में श्रद्धा के साथ हुई मां लक्खी की पूजा, क्विज में 31 टीमों ने लिया भाग

संताल एक्सप्रेस अमड़ापाड़ा (पाकुड़)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को अमड़ापाड़ा, बासमती और डुमरचिर गांव में मां लक्खी की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई। इस दौरान पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। लोगों ने मां की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।अमड़ापाड़ा के पुराना हॉस्पिटल रोड स्थित सार्वजनिक लक्ष्मी मंदिर परिसर में लक्खी पूजा महोत्सव के तहत क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जूनियर वर्ग की 18 और सीनियर वर्ग की 13 टीमों ने भाग लिया।सीनियर वर्ग में तिलका योद्धा ग्रुप प्रथम, सिद्धि एकेडमी द्वितीय और प्रजापति ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। वहीं, जूनियर वर्ग में स्टडी ग्रुप प्रथम, अंश ग्रुप द्वितीय और गंगा ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। सफल प्रतिभागियों को कप, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जिले को सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित और नशा मुक्त बनाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आम लोगों की सुरक्षा और युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह निर्देश उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने सोमवार को समाहरणालय में आयोजित जिला परिवहन और जिला स्तरीय एनकॉर्ड टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में दिया।

सड़क सुरक्षा की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले के 37 चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर चल रहे सुरक्षात्मक कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इनमें 29 स्थानों पर काम शुरू हो चुका है। उपायुक्त ने सभी चिह्नित स्थलों पर साइनेज, स्पीड ब्रेकर और रिफ्लेक्टर लगाने का काम तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट और चालकों के लाइसेंस की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा। बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग और नाबालिगों के वाहन चलाने पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। हिट एंड रन मामलों में पीड़ित परिवारों को बीमा कंपनियों से समन्वय स्थापित कर जल्द मुआवजा दिलाने पर भी जोर दिया। नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का निर्देश दिया। औषधि निरीक्षक को पुलिस और प्रशासन के सहयोग से मेडिकल स्टोरों पर सघन छापेमारी करने को कहा गया। बिना डॉक्टर के पर्चे के नशीली कफ सिरप या प्रतिबंधित दवाइयां बेचने वाले प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द करने के साथ कठोर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस और उत्पाद विभाग को चिह्नित हॉटस्पॉट पर संयुक्त कार्रवाई करने तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से बचाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी स्कूलों और कॉलेजों में एंटी ड्रग क्लब तथा जागरूकता समितियों को सक्रिय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मधुपुर के अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), उत्पाद अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालक अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

देवघर : दीपावली-छठ को लेकर नगर निगम अलर्ट, 51 घाटों की होगी नियमित निगरानी

सफाई, रोशनी और पहुंच पथ दुरुस्त करने के निर्देश, तीन निरीक्षण दल गठित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। आगामी दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर देवघर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर के छोटे-बड़े 51 चिह्नित छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए नियमित निगरानी की जाएगी। इसको लेकर सोमवार को नगर आयुक्त की अध्यक्षता में स्वच्छता शाखा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छठ महापर्व के दौरान व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में नगर प्रबंधकों एवं फूड सह सेनेटरी इंस्पेक्टरों को शामिल करते हुए तीन निरीक्षण दलों का गठन किया गया। सभी दलों को प्रतिदिन अपने-अपने आवंटित वार्डों में स्थित छठ घाटों का निरीक्षण करने और सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत रिपोर्ट अपर नगर आयुक्त को सौंपने का निर्देश दिया गया। इससे घाटों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सकेगी और कमियों को समय रहते दूर किया जा सकेगा। अपर नगर आयुक्त ने सभी छठ घाटों तक जाने वाले पहुंच पथों का समतलीकरण कराने, रास्तों में लगी स्ट्रीट लाइटों को चालू रखने, घाटों के आसपास की झाड़ियों की कटाई तथा जलकुंभी हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा व्रतियों की सुविधा और निजता को ध्यान में रखते हुए घाटों पर चेंजिंग प्वाइंट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। नगर निगम क्षेत्र में कुल 51 छठ घाट चिह्नित किए गए हैं। इन सभी घाटों पर आवश्यक सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कार्यालय स्तर से कार्यादेश भी जारी कर दिया गया है।

नगर निगम का लक्ष्य छठ महापर्व से पहले सभी चिह्नित घाटों को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

दिल्ली रैली में शामिल होंगे देवघर जिला इंटक, महिला कांग्रेस और अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता

देवघर संताल एक्सप्रेस । आगामी 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित रैली में शामिल होने की तैयारी को लेकर सोमवार को देवघर जिला इंटक,महिला कांग्रेस एवं अनुसूचित जाति विभाग की संयुक्त बैठक कचहरी परिसर में आयोजित की गई। बैठक में रैली की तैयारियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में देवघर जिला इंटक के अध्यक्ष अनंत मिश्रा, देवघर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष प्रमिला देवी, जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष नित्यानंद सेवक, झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव सह संथाल परगना प्रभारी अजय कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिकांत यादव, मोहनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत चौधरी, कांग्रेस नेता तुलसी पोद्दार, इंटक के जिला सचिव अभिषेक सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार एवं सुरेश पंडित सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली प्रस्तावित रैली में देवघर से इंटक,महिला कांग्रेस एवं अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से रैली में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

संघ ने मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

मधुपुर । आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला शरद पूर्णिमा का उत्सव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मधुपुर इकाई द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में सैकड़ो स्वयंसेवको ने भाग लिया. कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित किया गया था जिसके प्रथम सत्र में विद्यालय के सभागार में प्रश्न मंच और अंताक्षरी की प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई. कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नगर कार्यवाह मुकेश कुमार ने मंचासीन नगर संघ चालक ब्रह्मदेव मंडल का परिचय कराया, वही डॉक्टर राम अचल यादव ने भारतीय संस्कृति में पर्व के महत्व पर अपने उद्बोधन दिए. मुख्य शिक्षक श्रीकांत ने शाखा व्यवस्था का संचालन किया, जिला बौद्धिक प्रमुख मनोज जी ने एकल गीत, धर्मेन्द्रजी ने सामुहिक गीत प्रस्तुत किये. दूसरे सत्र के विराम पर सामूहिक संघ प्रार्थना की गई. कार्यक्रम के अंतिम चरण में सामूहिक रूप से खीर, पुड़ी और सब्जी के प्रसाद का आनंद उपस्थित सैकड़ो स्वयंसेवकों ने लिया. सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संत निरामया के उद्घोष के साथ शरद पूर्णिमा उत्सव ने विराम लिया.

ई-कचरा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

मधुपुर । नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन के निर्देशानुसार, मधुपुर स्थित मधुस्थली इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर ट्रेनिंग की एन. एस. एस. इकाई ने विशेष अभियान 6.0ः स्वच्छता और ई-कचरा जागरूकता के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस पहल के अंतर्गत बी एड सत्र 2025-2027 छात्र-छात्राएँ जो अपने प्रैक्टिस-टीचिंग (शिक्षण अभ्यास) सत्र में अपने अपने आवंटित विद्यालयों में 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला सफलतापूर्वक आयोजित किया. इस अभियान के तहत एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया. स्वच्छता और साफ-सफाई की शपथ लिया गया. व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की शपथ ली. इस पहल का उद्देश्य सभी को स्वस्थ आदतें अपनाने और एक स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना था. शिक्षकों और कर्मचारियों ने संस्थान परिसर में सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा उन्होंने ई-कचरे के उचित संग्रह, निपटान और प्रबंधन के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई. विशेष अभियान 6.0ः स्वच्छता और ई-कचरा जागरूकता के अंतर्गत सभी गतिविधियाँ छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी निभाई.

संस्कार और नैतिक मूल्य ही सशक्त राष्ट्र की नींव : मेयर

संवाददाता

देवघर । नगर निगम कार्यालय परिसर में सोमवार को प्रो. (डॉ.) ओमप्रकाश चौधरी और आचार्य प्रवर निरंजन द्वारा संयुक्त रूप से रचित पुस्तक श्रेष्ठ भारत के पुनर्निर्माण में संस्कारों की भूमिका का विमोचन महापौर रवि कुमार राउत ने किया।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक पहचान केवल भौतिक और आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक एवं नैतिक संपन्नता से होती है। श्रेष्ठ और समर्थ भारत के निर्माण में संस्कारों की भूमिका आधारशिला के समान है। यह पुस्तक वर्तमान समय की आवश्यकता है, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने दोनों रचनाकारों की सराहना करते हुए कहा कि प्रो. (डॉ.) ओमप्रकाश चौधरी और आचार्य प्रवर निरंजन ने अपने गहन चिंतन और व्यावहारिक दृष्टिकोण को पुस्तक के माध्यम से समाज के सामने रखा है। उन्हें उम्मीद है कि यह पुस्तक शिक्षकों, अभिभावकों और विशेषकर युवाओं के लिए मार्गदर्शक साबित होगी।

लेखक ओमप्रकाश चौधरी ने पुस्तक के प्रमुख विषयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों में नैतिक चेतना का प्रसार करना और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए संस्कारयुक्त नागरिक तैयार करना है। मौके पर वार्ड पार्षद मृत्युंजय राउत, पूर्व पार्षद आशीष पंडित, सामाजिक कार्यकर्ता और कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

एम्स देवघर को मिली समर्पित ग्रिड सबस्टेशन की सौगात

देवघर संताल एक्सप्रेस । एम्स देवघर को निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल पूरी हो गई है। झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड और झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से एम्स देवघर के लिए समर्पित ग्रिड सबस्टेशन (जीएसएस) और फीडर का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही एम्स देवघर को नवनिर्मित समर्पित ग्रिड सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति शुरू हो गई है।नवनिर्मित ग्रिड सबस्टेशन की क्षमता 50 एमवीए तथा वोल्टेज स्तर 132/33 केवी है। इस नई व्यवस्था से अस्पताल में बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता,निरंतरता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। इस परियोजना की एक प्रमुख विशेषता बिजली आपूर्ति के मार्ग की लंबाई में कमी आना है। पहले एम्स देवघर को देवघर के पुराने डाबरग्राम सबस्टेशन से लगभग 17 से 18 किलोमीटर लंबे फीडर के माध्यम से बिजली मिलती थी। अब समर्पित बिजली आपूर्ति व्यवस्था विकसित होने से पुरानी प्रणाली से जुड़ी चुनौतियों को कम करने और आपूर्ति को अधिक स्थिर बनाने में मदद मिलेगी। एम्स जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थान के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति बेहद जरूरी है। इससे मरीजों के उपचार, महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों के संचालन और अस्पताल की विभिन्न सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने में सहायता मिलेगी। समर्पित ग्रिड सबस्टेशन का चालू होना एम्स देवघर के बिजली बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम उपलब्धि है। उम्मीद है कि इस नई व्यवस्था से लंबे समय से चली आ रही बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी।

गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती मनी

मधुपुर । शशर के भेड़वा नावाडीह स्थित राहुल अध्ययन केन्द्र में स्वतंत्रता सेनानी व प्रखर पत्रकार गणेशशंकर विद्यार्थी की जयंती मनाई गई. मौके पर उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये. मौके पर जनवादी चिंतक व कलमकार धनंजय प्रसाद ने कहा कि विद्यार्थी जी पत्रकारिता के जनक थे. उन्होंने समाज-सुधार व आजादी के लिए निर्भीक पत्रकारिता करते हुए आजादी की बिगुलं फुंकने का काम किया और साम्प्रदायिक सौहार्द को कायम रखने के लिए अपनी जान तक निछावर कर दिया. उन्होंने पत्रकारिता की शुरुआत सरस्वती पत्रिका से की और प्रताप , अखवार निकालकर आजादी के ज्वाला प्रज्वलित करने का काम किया. उन दिनों प्रताप आजादी कि मुखपत्र साबित हुआ , जो क्रांतिकारियों व स्वतंत्रता सेनानियों की अभिव्यक्ति का स्वर बन गया. जिसमें भगतसिंह, बिस्मिल जैसे सरीखे क्रांतिकारियों का आलेख प्रकाशित हुआ करता था. उनकी बलिदान पर महात्मा गांधी ने कहा था कि हमें विद्यार्थी जी से सौहार्द के लिए बलिदान की सीख लेनी चाहिए. मौजुदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज , संस्कृति, साहित्य, इतिहास , अभिव्यक्ति, संविधान , लोकतंत्र व राजनीति जितना निरुपाय है. उतना पहले कभी नहीं था. पत्रकारिता का साख बिल्कुल ही गिर गया है. ऐसे दौर विद्यार्थी जी जैसे कर्मवीर स्वतंत्रता सेनानी यदि होते तो अपनी कलम से व्यवस्था की नींव हिलाएं वगैर नहीं रहतेह. भला ऐसे विभूति को कैसे बिसराया जा सकता है , उन्हें याद करना लाजिमी है. अन्य लोग मीडियाकर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये.

पथरोल कालीधाम में भजन संध्या का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । प्रखंड क्षेत्र के सिद्ध पीठ पाथरोल के कालीधाम स्थित संकट मोचन धाम में रविवार देर रात को अश्विन पूर्णिमा के अवसर पर भजन कीर्तन एवं हनुमान जी की महा आरती का आयोजन किया गया. साथ ही श्रद्धालुओं के बीच खीर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया. बताते चले कि संकट मोचन धाम पथरोल में वर्ष 2002 से ही प्रत्येक पूर्णिमा को बाबा का महा आरती भजन कीर्तन और खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन भक्तों के सहयोग से होता आ रहा है. इसी क्रम में शरद पूर्णिमा के अवसर पर संकट मोचन धाम पथरोल में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया. भजन गायक राजेश भारद्वाज, पूजा महतो, अजय भारती, राम जी रवानी ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर भक्तों को रात्रि भर झुमाया. वहीं भजन गायिका पूजा महतो ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया. सबसे पहले हनुमान चालीसा का पाठ कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया. नाल पर पंकज पांडे, बैंजो में पिंटू दास, ऑर्गन पर सुबल महतो पेड पर गोलक महतो आदि साथियों ने भरपूर सहयोग दिया. मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि यहां हर पूर्णिमा भक्तों के सहयोग से भजन संध्या व खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बलवीर राय, मुखिया प्रतिनिधि संतोष साह, श्याम सिंह, राम भोक्ता, संतोष तुरी, संतोष पाण्डेय, मुकेश मिश्रा, नंदलाल तिवारी, महेंद्र तिवारी, श्री किशुन साह, अमरनाथ पाठक, नवीन पाठक ,मृणाल सिंह, गुड्डु सिंह, गोपाल यादव, सहित, माधो मंडल, उपेंद्र रवानी ,सुरेंद्र दास,संतोष पांडे, अजय रवानी , सुबाष पोद्दार, नंदलाल तिवारी, रोशन कुमार, महेंद्र कुमार, अक्षय शर्मा , कारू रवानी, गुणधार मंडल, कामदेव महतो, गुड्डा पंडित , वरुण बावरी, बलदेव रवानी, रवि रवानी, राजेश रवानी, मनोज यादव, हीरो यादव,उमा रवानी, सहित सभी ग्रामवासी लगे हुए थे.

धूमधाम से मना देवीपुर प्रखंड का 33वां स्थापना दिवस

लालू यादव के योगदान को किया याद

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। देवीपुर प्रखंड का 33वां स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर देवघर विधायक एवं राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान के नेतृत्व में समारोह आयोजित किया गया। इसमें कई जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। देवीपुर प्रखंड को 26 अक्टूबर 1994 को तत्कालीन बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में मान्यता मिली थी और इसका विधिवत उद्घाटन किया गया था। समारोह में वक्ताओं ने प्रखंड के गठन में लालू प्रसाद यादव के योगदान को याद किया और क्षेत्रवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष डॉ. फणी भूषण यादव, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश प्रसाद यादव, कलीम अंसारी, तेज नारायण वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण मुर्मू, हरे कृष्ण बरनवाल, राजेश बरनवाल, जुमेल सोरेन, रेवती रमन यादव, प्रखंड प्रमुख नीलम यादव, धपरु तुरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर देवीपुर प्रखंड के समस्त निवासियों को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी गईं।

देवघर में 17 दिसंबर से मेगा नेत्र जांच शिविर

देवघर संताल एक्सप्रेस । सीकर नागरिक परिषद एवं रोटरी क्लब ऑफ देवघर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 17 से 20 दिसंबर 2026 तक जसीडीह स्थित आरोग्य भवन में मेगा मोतियाबिंद जांच एवं निःशुल्क ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी गई। शिविर में लगभग 18 हजार लोगों की आंखों की जांच करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने बताया कि मोतियाबिंद से पीड़ित एवं ऑपरेशन के योग्य पाए जाने वाले मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही, उन्हें आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में करीब 40 नेत्र चिकित्सक एवं विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। इसमें कोलकाता से आने वाले नेत्र सर्जन भी शामिल होंगे। इस वर्ष शिविर की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इसकी डिजिटल प्रणाली पीयूष सोडानी ने विकसित की है, जिससे पंजीकरण से लेकर उपचार तक की प्रक्रिया व्यवस्थित होगी। सीकर नागरिक परिषद पिछले 25 वर्षों में लगभग 1.98 लाख लोगों की आंखों की जांच कर चुकी है। यह संस्था का 162वां नेत्र जांच शिविर होगा। आम जनता से अपीलः आयोजकों ने जरूरतमंद लोगों से शिविर का लाभ उठाने तथा अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने की अपील की है।

देवघर में बारबेक्यू नेशन के संताल परगना के दूसरे अपॉइंटमेंट सेंटर का उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में बारबेक्यू नेशन की ओर से संथाल परगना के दूसरे अपॉइंटमेंट सेंटर का उद्घाटन किया गया। बेला बागान रोड स्थित रेमंड शॉप के निकट खुले इस कार्यालय का उद्घाटन देवघर के मेयर रवि रावत ने फीता काटकर किया।

उद्घाटन समारोह में 12वीं कनेक्शन के एचआरडी विभाग के प्रमुख हर्ष कुमार मिश्रा, साकेत कुमार सिंह, दुमका सेंटर के गौरव कुमार मिश्रा तथा देवघर सेंटर के पीयूष मिश्रा उपस्थित रहे। वहीं, अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद गोपी कुमार गुप्ता, एनएचएआई के एसडीओ शैलेश प्रसाद सिंह, यूथ वॉयस देवघर के अध्यक्ष शुभम कुमार, देवघर कॉलेज के अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष संजय कुमार एवं प्रोफेसर राजीव रंजन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

युवाओं को रोजगार से जोड़ना प्राथमिकता

इस अपॉइंटमेंट सेंटर का मुख्य उद्देश्य रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराना है। रोजगार के लिए इधर-उधर भटकने वाले युवाओं को एक बेहतर मंच प्रदान कर उन्हें उचित वेतन के साथ रोजगार से जोड़ने की पहल की गई है। इस केंद्र के माध्यम से युवा बारबेक्यू नेशन के विभिन्न आउटलेट में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपनी योग्यता के अनुरूप नौकरी पाने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं।

---

80 से अधिक शहरों में फैला है कारोबार

बारबेक्यू नेशन देश के 80 से अधिक शहरों में 200 से ज्यादा आउटलेट के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहा है। इसके अलावा यूएई, श्रीलंका, थाईलैंड और मलेशिया जैसे देशों में भी कंपनी के आउटलेट संचालित हैं। ऐसे में युवाओं के लिए विभिन्न स्थानों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की संभावना है।

कार्यालय का पताः रेमंड शॉप के निकट, बेला बागान रोड, देवघर, झारखंड। बारबेक्यू नेशन, रोजगार के अवसर, युवा रोजगार, अपॉइंटमेंट सेंटर, देवघर, संथाल परगना, कौशल विकास।

पंकज यादव ने आसनसोल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक और जनसंपर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण किया

देवघर संताल एक्सप्रेस । पंकज यादव ने पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं जनसंपर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण किया है। भारतीय रेल में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है तथा परिचालन एवं प्रशासन के क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त किया है। वर्तमान पदस्थापना से पूर्व वे पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। इससे पूर्व उन्होंने आसनसोल मंडल में मंडल परिचालन प्रबंधक (प्रभारी) के रूप में भी कार्य किया है। अपने वर्तमान दायित्वों के अंतर्गत वे मंडल की वाणिज्यिक गतिविधियों एवं जनसंपर्क कार्यों का पर्यवेक्षण करेंगे। इन दायित्वों में मीडिया के साथ समन्वय स्थापित करना तथा यात्री सुविधाओं, विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं मंडल की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना शामिल है। परिचालन एवं वाणिज्यिक प्रशासन के क्षेत्र में अपने अनुभव के आधार पर पंकज यादव मंडल की परिचालन दक्षता में वृद्धि, यात्री सुविधाओं में सुधार तथा मीडिया के साथ समन्वय को और सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

साहिबगंज में 90 लीटर विदेशी शराब जब्त

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज- मालदा रेल मंडल के तालझारी रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध शराब तस्करी का एक बड़ा मामला का खुलासा किया है. साथ ही एक शराब तस्तर को हिरासत में लिया है.मिली जानकारी के अनुसार आरपीएफ सीआईबी मालदा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 53029 आजीमगंज-भागलपुर पैसेंजर से 300 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की है.बरामद शराब की कुल मात्रा 90 लीटर और अनुमानित मूल्य 19,500 रुपया बताई जा रही है. वही आरपीएफ पुलिस ने शराब तस्तरी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जबकि दो शराब तस्कर मौके से फरार हो गया. मौके पर आरपीएफ सीआईबी मालदा के सहायक उप-निरीक्षक रवि शंकर यादव द्वारा साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट कमांडर को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार 25 अक्टूबर को ट्रेन संख्या 53029 में अवैध शराब के परिवहन की पुख्ता सूचना मिली थी. इस सूचना पर कार्रवाई के लिए आरपीएफ सीआईबी मालदा की एक विशेष टीम जिसमें एसआई नंदन कुमार सिंह, एचसी स्वपन कुमार घोष और एचसी नुपुर बरन मिद्या शामिल थे. ने बरहरवा से कहलगांव के बीच जांच अभियान चलाया.इस दौरान सीटों के नीचे छिपाकर रखी गई थी कई शराब की बोरियां अभियान के दौरान जब ट्रेन रात करीब 20:40 बजे तालझारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर पहुंची. तो जांच टीम ने मध्य भाग में स्थित जनरल कोच में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को चढ़ते हुए देखा. टीम ने तुरंत उनका पीछा किया और कोच के भीतर प्रवेश किया. जहां उन्होंने पाया कि संदिग्धों ने प्लास्टिक की बोरियां सीटों के नीचे छिपा रखी थीं. जांच टीम को देखते ही वे लोग सतर्क हो गए और विदेशी/देशी शराब से भरी 6 प्लास्टिक की बोरियां वहीं छोड़कर भागने लगे.

जिनमें से दो तस्कर भागने में सफल रहे. लेकिन एक व्यक्ति को तालझारी रेलवे स्टेशन पर दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजीव कुमार (28 वर्ष), पिता- मनराज कुमार, निवासी- कहलगांव (पूरब टोला), थाना- कहलगांव, जिला- भागलपुर (बिहार) के रूप में हुई है. तलाशी के दौरान बोरियों से 'रॉयल झारखंड डीलक्स' ब्रांड की 300 मिलीलीटर की 300 बोतलें (कुल 90 लीटर) बरामद की गई। आरोपी ट्रेन से शराब ले जाने के संबंध में कोई वैध अनुमति, लाइसेंस या दस्तावेज पेश नहीं कर सका. कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने और उसके फरार साथियों ने यह शराब झारखंड के तालझारी क्षेत्र से खरीदी थी.

चोरी के 27 मोबाइल फोन उनके मूल स्वामियों को किया सुपुर्द

संताल एक्सप्रेस उधवा- साहिबगंज पुलिस की ओर से गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी को लेकर चलाए जा रहे खोजे मोबाइल कार्यक्रम के तहत् सोमवार को राधानगर थाना परिसर में 27 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए. पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर राधानगर थाना परिसर को शाम चार बजे मोबाइल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी ने किया. इस दौरान राधानगर थाना प्रभारी, राजमहल थाना प्रभारी, तालझारी थाना प्रभारी और तीनपहाड़ थाना प्रभारी उपस्थित थे. पुलिस की पहल पर बरामद मोबाइल फोन वापस मिलने से संबंधित मोबाइल धारकों को राहत मिली. बरामद मोबाइल फोन का वितरण थाना क्षेत्र के अनुसार किया गया. इसमें राधानगर थाना क्षेत्र के 12, राजमहल थाना क्षेत्र के चार, तालझारी थाना क्षेत्र के आठ और तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के तीन मोबाइल फोन शामिल हैं. इस प्रकार कुल 27 मोबाइल फोन उनके मूल स्वामियों को सुपुर्द किए गए.

16 मोबाइल धारकों को लौटाए गए फोन

साहिबगंज- सदर अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस ने गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी की है. पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 16 गुमशुदा मोबाइल फोन खोजकर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाए. एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह के कार्यालय में मोबाइल फोन उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए.मिली जानकारी के अनुसार बरामद मोबाइल फोन में नगर थाना क्षेत्र से दो , जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र से आठ, मुफस्सिल थाना क्षेत्र से दो, मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र से दो तथा बोरियो थाना क्षेत्र से दो मोबाइल फोन शामिल हैं.पुलिस की इस कार्रवाई से मोबाइल फोन खोने वाले लोगों को राहत मिली है.

साहिबगंज में युवक ने लगाई फांसी,मौत

साहिबगंज-साहिबगंज जिले के गंगा थाना क्षेत्र के रामपुर दियारा के बलुआ टोला गांव में एक युवक ने किसी बात को लेकर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक युवक रामपुर दियारा के बलुआ टोला गांव निवासी स्वर्गीय कुल्लू सिंह के 35 वर्षीय पुत्र सुधन सिंह था.वही घटना की सूचना मिलते ही गंगा नदी थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दिया.और मृतक का शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया.वही शव का पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस ने शव का अंतिम संस्कार करने के लिए शव को उनके परिवार वालों को सौंप दिया.मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी अपने मायके में रहती है.और उनके दो पुत्र हैं.

साहिबगंज में मनाई गई लक्खी पूजा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-साहिबगंज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिति रात शरद पूर्णिमा के अवसर की देर रात्री बंगाली समुदाय के श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से मां लक्खी की पूजा अर्चना की. शहर के बंगाली टोला दुर्गा मंदिर, सुभाष कॉलोनी रिफ्यूजी कॉलोनी दुर्गा मंदिर, झरना कॉलोनी दुर्गा मंदिर, साउथ कॉलोनी दुर्गा मंदिर, नॉर्थ कॉलोनी दुर्गा मंदिर, साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर सहित कई मंदिरों व घरों में शाम से देर रात्री तक पुरोहित व श्रद्धालु खुद से वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से मां लक्खी की पूजा अर्चना करके मिष्ठान, फल, खिचड़ी, खीर का भोग लगाया ओर धूमधाम से की मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना करके परिवार की सुख समृद्धि, खुशहाली और शांति का कामना की.

डीसी, एसपी, डीएसई, डीईओ कार्यालय सहित सभी विद्यालयों में शिकायत पेटी लगाने का निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज - डीसी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई .बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रहे. बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों, लंबित मामलों तथा विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.बैठक में सर्वप्रथम भूमि हस्तांतरण एवं भूमि चिह्नित करने से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई. इस क्रम में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, साइंस कॉलेज, एकलव्य विद्यालय, अग्निशमन कार्यालय, नगर परिषद कार्यालय एवं श्रमिक विद्यालय के निर्माण हेतु भूमि चिह्नित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश संबंधित अंचल अधिकारियों को दिया गया. डीसी ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भूमि संबंधी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो.आगामी पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जिला कोषागार पदाधिकारी को सभी कर्मियों के वेतन का भुगतान निर्धारित समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने संबंधित प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया

.विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने राजमहल एवं बोरियो क्षेत्रों में प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की गति बढ़ाने का निर्देश संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को दिया. उन्होंने लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया.जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्रों के निष्पादन की समीक्षा के दौरान डीसी ने सभी प्रखंडों में जाति प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया. साथ ही जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्रों के निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन डीसी कार्यालय को नियमित रूप से उपलब्ध कराने को कहा.ताकि कार्यों की प्रगति की प्रभावी निगरानी की जा सके.प्रशासनिक कार्यों की नियमित समीक्षा पर जोर देते हुए डीसी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक 15 दिनों में अपने कार्यालय के कर्मियों के साथ बैठक आयोजित करें.बैठक में आवश्यक प्रशासनिक कार्यों, लंबित मामलों एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें.बरहेट में प्रस्तावित हेलीपैड निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान डीसी ने संबंधित अधिकारियों को दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करते हुए नियमानुसार कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जाता है

तो स्थिति के अनुरूप नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.अस्पताल साहिबगंज में सीसीटीवी कैमरों की मरम्मति कराने तथा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. बैठक में भू-अर्जन से संबंधित लंबित भुगतानों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने भुगतान की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया.

विद्यालय खुला ने शिक्षक आये,ने छात्र आये

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल-राजमहल प्रखंड क्षेत्र के सुखार प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को 11=40 बजे तक विद्यालय बंद रहा. विद्यालय में ना ही शिक्षक दिखे और ना ही छात्र-छात्राएं. वही ना ही विद्यालय में संयोजिका, रसोईया दिखे. एवं सुखार गांव के ही ग्रामीणों ने दबे जुबान बताया कि शिक्षक के द्वारा इस प्रकार से ही स्कूल चलाया जाता है. कभी-कभी स्कूल बंद ही रहता है तो कभी मध्यान भोजन स्कूल में नहीं बनता है. वही इसकी सूचना प्रखंड बीईईओ रॉबिन चंद्र मंडल को दिया गया तो तुरंत विद्यालय के शिक्षक द्वारा विधालय खोला गया एवं विद्यालय में कई बच्चे भी उपस्थित हुए और मध्यम भोजन भी दिया गया. परंतु विद्यालय के एक भी छात्र-छात्राओं ड्रेस में नहीं दिखे.इससे साफ जाहिर होता है कि गांव से बच्चे को तुरंत तुरंत पकड़ कर लाया गया है. इस संबंध में उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं के साथ लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

मिर्जाचौकी हाट परिसर में लगा है कचरे का अंबार, दुर्गंध से लोग परेशान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता मंडरो- मिर्जाचौकी हाट परिसर में कचरे का अंबार जमा होने से ग्रामीणों और हाट में आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है. वहीं सोमवार और गुरुवार को लगने वाले हाट परिसर में गंदगी के कारण दुर्गंध फैल रही है. जबकि दुर्गा पूजा से पहले कचरा हटाया गया था. लेकिन उसके बाद से नियमित उठाव नहीं होने से फिर गंदगी जमा हो गई है. ग्रामीणों के अनुसार हाट परिसर में साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. पूर्व में मंडरो अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में हाट परिसर स्थित धर्मशाला में बैठक कर लेसी को प्रत्येक सप्ताह कचरा उठाव का निर्देश दिया गया था. कुछ दिनों तक सफाई हुई. लेकिन फिर स्थिति जस की तस हो गई. ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से नियमित सफाई और कचरे का उठाव सुनिश्चित कराने की मांग की है. वहीं लेसी के सदस्यों ने बताया कि दुर्गा पूजा के पूर्व हाट परिसर को साफ कराया गया पर पूजा सह मेला के दौरान जमा कचड़ा को समिति द्वारा साफ सफाई करानी चाहिए. जबकि हाट से जमा कचड़ा लेसी साफ करेगी. चाहे जो भी हो कचड़े की अंबार से दुर्गंध एवं बदबू फैल रही है.

राजमहल के कमाल टोला विद्यालय में कई सामान चोरी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

राजमहल-राजमहल प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारायणपुर कमल टोला में चोरी की घटना को लेकर प्रबंध समिति के अध्यक्ष मालेक शेख ने सोमवार को थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि विद्यालय में सुबह आज 8=52 में जब शिक्षक गण विद्यालय में उपस्थित हुए तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है. साथ ही साथ ऊपर गए तो देखा कि स्मार्ट रूम का ताला टूटा हुआ है. दरवाजा भी टूटा हुआ मिला. स्मार्ट क्लास का सामान गायब मिला. जिसमें प्रोजेक्टर, वॉल मोंट सेट, स्पीकर सेट. थिन क्लाइंट, सीपीयू ,मॉनिटर, बीटी दंगल, भीजेए केवल, कीबोर्ड, माउस, आदि का चोरी हो गया है. जिसे लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुभाष प्रसाद सिंह मुझे जानकारी दिए और सारी घटनाओं की जानकारी थाना को दिए. इसके साथ ही जिला शिक्षा अधीक्षक साहिबगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजमहल को भी आवेदन देकर बताया गया.

भारत की जनगणना-2027 द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज -भारत की जनगणना -2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना कार्यों को सुचारू, व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनगणना पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को जिला पंचायती राज कार्यालय सभागार साहिबगंज में प्रारंभ हुई.प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित प्रक्रियाओं, तकनीकी पहलुओं एवं निर्धारित कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है. ताकि जनगणना कार्य के दौरान कोई भी व्यक्ति गणना से वंचित न रहे और प्रत्येक स्तर पर कार्यों का सटीक एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके.प्रशिक्षण के दौरान सीएमएमएस पोर्टल के उपयोग, मैपिंग प्रक्रिया, जनगणना संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों तथा विभिन्न स्तरों पर पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध तरीके से संपादित करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई.

पुलिस ने चांद मुर्मू के घर चिपकाया इश्तिहार

बरहेट- एमजीआर रेल ट्रैक विस्फोट मामले में न्यायालय के निर्देश पर बरहेट थाना पुलिस ने सोमवार को बोड़बांध गांव निवासी चांद मुर्मू पिता बल्लू मुर्मू के घर पर इश्तिहार चिपकाया. पुलिस ने डुगडुगी बजाकर ग्रामीणों की मौजूदगी में घर तथा पास के बिजली के खंभे पर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार चस्पा किया.बताया जाता है कि रांगा घुटू टोला के समीप एमजीआर रेल ट्रैक पर बीते वर्षों में बम लगाकर ट्रैक उड़ाने के मामले में चांद मुर्मू आरोपी हैं. उन्हें न्यायालय में उपस्थित कराने के लिए यह कदम उठाया गया.कार्रवाई के दौरान पुलिस ने वहां मौजूद लोगों को बताया कि संबंधित व्यक्ति न्यायालय में उपस्थित हों या उन्हें उपस्थित कराने में सहयोग किया जाएं. साथ ही न्यायालय के नोटिस का अविलंब अनुपालन करने की हिदायत दी गई.पुलिस ने स्पष्ट किया कि निर्देशों का पालन नहीं होने पर न्यायालय के आदेश के अनुसार आगे कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है.इस कार्रवाई के बाद गांव में मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई.

सोलर मॉडल विलेज घोषित किए जाने की घोषणा से पंचायत वासियों में खुशी

संताल एक्सप्रेस उधवा- प्रखंड के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत के विकास की दिशा में एक नई पहल सामने आई है. डीसी द्वारा पंचायत को सोलर मॉडल विलेज घोषित किए जाने की घोषणा से पंचायत वासियों में खुशी का माहौल है. इस पहल से पंचायत में सौर ऊर्जा आधारित बिजली व्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत भवन समेत अन्य सार्वजनिक स्थलों तक सौर ऊर्जा की सुविधा पहुंचाने की दिशा में काम किया जाएगा.पंचायत को सोलर मॉडल विलेज के रूप में विकसित करने की इस पहल में मुखिया नफीसा खातून के प्रयासों की चर्चा हो रही है. पंचायत की जरूरतों को प्रशासन के समक्ष रखने और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किए जाने की बात कही गई है.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

Two Envelope System

e-Tender Reference No.-DMFT/MID/GODDA/ F2-08/2026-27 Date-24.10.2026

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा।
2. वेवसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.10.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13.11.2026 अपराहन 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान :– 14.11.2026 अपराहन 05:00 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई, प्रमंडल, गोड्डा।

ग्रुप सं0	कार्य का मद	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्य की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	DMFT FUND	पंचायत धपरा ग्राम झपनियां नदी में प्रधान घर के बगल में पुलिया निर्माण।	बसंतराय	99,95,731.65	2,00,000.00	10,000.00	06 माह
2	DMFT FUND	पंचायत धपरा ग्राम भट्ठा में नया पुल के पास एप्रोच पथ निर्माण।	बसंतराय	55,34,695.25	1,11,000.00	10,000.00	06 माह

नोटः
1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
2. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा। जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची से पंजीकृत संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
5. **Work performance :-** पूर्व से आवंटित कार्य 90 प्रतिशत से अधिक पूर्ण नहीं रहने तथा समानुपातिक प्रगति नहीं पाये जाने पर अन्य कार्यो में डाली गई निविदा विचारणीय नहीं होगा एवं समान प्रकृति का कार्य अनुभव अनिवार्य है।
6. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर लॉग आन करें।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गोड्डा।
Mob.- 9771063448

PR.NO.392430 Minor Irrigation(26-27):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या : **RDSpl/SAHIBGANJ/12/2026-27/DMFT**

क्र0/ ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	निविदा शुल्क (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	साहेबगंज जिला के प्रखण्ड राजमहल, पंचायत प्राणपुर में उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्राणपुर कोयला बाजार में छः अतिरिक्त कक्षा का निर्माण।	56,99,400/-	10,000/-	1,14,000/-	9 माह
2	साहेबगंज जिला के प्रखण्ड उधवा, पंचायत दक्षिण पलाषगाछी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कादिरटोला में तीन अतिरिक्त कक्षा का निर्माण।	35,94,300/-	5000/-	72,000/-	6 माह

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक 06.11.2026
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 18.11.2026 को 5.00PM बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.11.2026 को 2.00PM बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। निविदा शुल्क की राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

नोट : विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
साहेबगंज।

PR 392477 Rural Development (26-27)D

समेकित जनजाति विकास अभिकरण, दुमका

सूचना

कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में Service Procurement के तहत अंश कालीन/घंटी आधारित शिक्षकों की मेधा एवं प्रतीक्षा सूची निम्न प्रकार है:–

कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों में Service Procurement के तहत अंश कालीन/घंटी आधारित शिक्षकों की मेधासूची (Merit List) :–

PRIMARY TEACHER

SL NO	ROLL NO	CATEGORY	SELECTED UNDER CATEGORY	NAME	FATHER/HUSBAND NAME	TOTAL MARKS
1	1267	ST	UR	SEVEN MURMU	TATA MURMU	63.103
2	0854	GEN	UR	CHANDAN KUMAR	FULCHAND YADAV	60.738
3	1035	ST	UR	ASHA LATA TUDU	SOMESH MURMU	59.370
4	0772	GEN	UR	KANCHAN DEY	PRANKRISHNA DEY	59.237
5	0926	GEN	UR	TARUN MANDAL	SATYANARAYAN MANDAL	59.203
6	1409	GEN	UR	BISHNU PAUL	DULAL PAUL	54.167
7	1283	GEN	UR	GOUTAM DUTTA	BHAGWAT DUTTA	53.833
8	1244	GEN	UR	SUNITA SAHA	MANOJ KUMAR SAHA	52.870
9	0956	GEN	UR	SAJAN KUMAR MANDAL	PARSHURAM MANDAL	52.00
10	1287	GEN	UR	PAWAN PRAKASH	LATE GHANSHYAM BHAGAT	51.333
11	1304	GEN	UR	RAJA KUMAR DEY	DILIP DEY	51.333
12	0764	ST	UR	REKHA RANI BASKEY	JOSEPH BASKEY	51.167
13	1385	ST	ST	HARISHEELA HANSDA	JOSEPH HANSDA	49.833
14	1157	ST	ST	JULIE MURMU	HARISH KUMAR TUDU	48.667
15	1227	ST	ST	ANJU HANSDA	SAMUEL HANSDA	48.000
16	1111	ST	ST	BELINA KISKU	KARMEN KISKU	46.833
17	0823	ST	ST	RAVI ROSHAN SOREN	STEPHAN SOREN	45.833
18	1371	ST	ST	BIRENDRA HEMRBOM	RAMJIT HEMBROM	44.167
19	2112	ST	ST	HIMADRI BESRA	YOGENDRA BESRA	43.333
20	1199	ST	ST	BUDINATH HANSDAK	HOPNA HANSDAK	42.833
21	1159	ST	ST	SANTOSHILA TUDU	PRAKASH MARANDI	42.833
22	1289	ST	ST	JOHN ANUP HANSDA	BABUDHAN HANSDAK	42.833
23	0946	ST	ST	MALINI KISKU	BABULAL KISKU	42.167
24	1110	ST	ST	MUNNA HANSDA	MARWARI HANSDA	41.833
25	1183	ST	ST	MANISH KUMAR TUDU	BAIJAL TUDU	41.167
26	1243	ST	ST	ANISHA SOREN	SELVIUS KISKU	40.333
27	1165	ST	ST	WELSON HEMBROM	NATHANIEL HEMBROM	40.000
28	0758	ST	ST	USHA MARANDI	MUNU MARANDI	39.667
29	1105	ST	ST	ANJU KISKU	ARJUN SOREN	39.167
30	1223	ST	ST	ALFRED SOREN	CHATUR SOREN	39.000
31	0877	ST	ST	AJAY SOREN	JISU SOREN	39.000
32	0981	ST	ST	INNOCENT HEMBROM	JOSEPH HEMBROM	38.667
33	0891	ST	ST	SUKOMAL HEMBROM	NARENDRA HEMBROM	38.667
34	1332	ST	ST	PREM HANSDA	LATE SHYAMLAL HANSDA	38.167
35	0898	ST	ST	POONAM MURMU	NIRMAL KUMAR SOREN	38.000
36	0824	SC	SC	BABY DAS	BAIJNATH DAS	49.500
37	1087	SC	SC	ROHIT MIRDHA	BALRAM MIRDHA	49.500
38	1063	SC	SC	DHIRAJ KUMAR RAJAK	MAHENDRA RAJAK	41.833
39	1411	EWS	EWS	SONAM KUMAR JHA	ASHOK KUMAR JHA	46.167
40	1094	EWS	EWS	SOHAN THAKUR	BIJAL THAKUR	41.333
41	1416	EWS	EWS	SALONI KUMARI	CHINTU DUTTA	40.500
42	0998	EWS	EWS	RITESH KUMAR	RAJU PRASAD SAH	36.000

कल्याण विभागीय आवासीय विद्यालयों में Service Procurement के तहत अंशकालीन/घंटी आधारित शिक्षकों की प्रतीक्षा सूची (WAITING LIST) :–

SL NO	ROLL NO.	NAME	FATHER/HUSBAND NAME
1	2	3	4
1	0889	ROHIT PRASAD YADAV	KRITYANAND YADAV
2	1348	RAVI KUMAR BHAGAT	PREMLAL BHAGAT
3	1119	PURUSHOTTAM KUMAR THAKUR	DILIP KUMAR THAKUR
4	0940	BOBY KUMARI	MANJ KUMAR MANDAL
5	1232	KAJAL KUMARI	ABHISHEK KUMAR
5	0752	ALOK KUMAR	VIVEKANAND MAHTO
7	2078	SURAJ SAHA	JIWAN SAHA
8	1168	MAMTA KUMARI MANDAL	MANJ MANDAL
9	1041	RUPA MANDAL	SOURAV KUMAR GUPTA
10	0882	SHUBHAM KUMAR	UPENDRA KUMAR BHAGAT
11	1057	ASHISH KUMAR SAH	BHAIRAW PRASAD SAH
12	0846	ABHISHEK DEY	GOUTAM KUMAR DEY
13	1258	KUMARI SUDEEPTA YADAV	BHAGIRATH YADAV
14	0797	AMIT KUMAR	JIVAN MANDAL
15	1011	SHANTANU KUMAR DARBEY	BHAGIRATH DARBEY
16	1271	NEERAJ SAH	MANJ SAH
17	0787	ANAND KUMAR	RAJ KUMAR YADAV
18	0771	BIPIN KUMAR	PRADEEP PRASAD RANA
19	1335	JAYANT KUMAR NANDI	FATIK NANDI
20	0945	MANGESH RANJAN	SHRI RAJENDRA PRASAD SAH
21	1177	ARBIND KUMAR MANDAL	MAHESH CHANDRA MANDAL
22	1151	PUJA KUMARI	SUNIL KUMAR MANDAL
23	0806	RAKESH KUMAR MALLICK	SAILESH KUMAR MALLICK
24	1354	PRAVIN KUMAR	PRADIP PRASAD SAH
25	0983	RINA SOREN	GLADSON MURMU
26	1307	UDAY SHANKAR MURMU	RAMCHANDRA MURMU
27	1129	MEENA HEMBROM	SANAT HEMBROM
28	0888	KUNAL MURMU	PALTAN MURMU
29	0760	SHEELA BASKEY	PARGANA BASKEY
30	1103	AJAY KUMAR TUDU	DHANKO TUDU
31	1072	VIJAY HEMBRAM	SUSHIL HEMBRAM
32	0755	MEENA MURMU	ROHIT RAJ TUDU
33	0831	RENJUKA SOREN	RUBEN SOREN
34	0807	SUJATA SOREN	GANESH SOREN
35	0923	MINUKA SOREN	RAPHAEL TUDU
36	0982	PUSHPA HANSDAK	MAHADEV HANSDAK
37	0810	AMAN JACOB HEMBROM	SAMIR HEMBROM
38	1123	CHRISTOPHER HEMBROM	CHUNU HEMBROM
39	0871	RAHUL HEMBROM	SUNIL HEMBROM
40	1431	BABLU BESRA	RAMJIT BESRA
41	1408	SWEETY PRIYANKA MURMU	CHARLES MURMU
42	1195	AJIT HANSDA	SAWAN HANSDA
43	0813	MAHESHWARI HEMBROM	JIYARAM HEMBROM
44	1222	JIYENDRA MURMU	NUNULAL MURMU
45	1432	MUKESH CHANDRA SOREN	BHAWESH SOREN
46	0935	PINTU HANSDAK	NAIKA HANSDAK
47	0792	JYOTI MURMU	LT. MON MURMU
48	0773	GEETA TUDU	DEEBU TUDU
49	1218	NIRMALA TUDU	PROME HANSDA
50	1229	PREETY KIRAN MURMU	SUBODH MURMU
51	1099	LALITA MARANDI	NIMBULAL MARANDI
52	1295	LIYANUS MARANDI	GUPIN MARANDI
53	0849	PRIYANKA MURMU	SUSHIL MURMU
54	1240	KAILASH HANSDAK	KARIYA HANSDAK
55	1092	VIJAY SOREN	BARNABAS SOREN
56	1294	PRIYANKA MARANDI	GUPIN MARANDI
57	1212	LIPIKA MURMU	CHAVINATH MURMU
58	1290	VIKASH KUMAR KOL	GULAB KOL
59	0777	DOLI DURSHILA MARANDI	BENJAMIN MARANDI
60	0816	NILU MARANDI	LT. TARUN MURMU
61	1136	MANOJ MURMU	SUSHIL MURMU
62	1172	SAVITA TUDU	GUPIN TUDU
63	1251	SOHAN MURMU	RAMSINGH MURMU
64	1433	JYOTIKA TUDU	SOKAL TUDU
65	1296	THIYOPHIL MARANDI	GUPIN MARANDI
66	0761	SURUJMUNI MURMU	JAYRAM MURMU
67	0875	SIDO HANSDA	RAPHAEL HANSDA
68	1130	URMILA HANSDAK	JEEYALAL MARANDI
69	1321	MONICA BESRA	PANCHU BESRA
70	0885	JEM JYOTI HEMBROM	RAKESH HANSDA
71	1414	ROHIT DAS	PHULESHWAR DAS
72	1256	PUSHPA KUMARI	KRISHNA DEO KUMAR
73	1046	VIKAS KUMAR DAS	BARTI DAS
74	0783	TAPAS KUMAR DAS	MANJ KUMAR DAS
75	1202	MANISH KUMAR	KRISHNA DEO KUMAR
76	0770	MRINAL KUMAR MIRDHA	KAJAL MIRDHA
77	0844	KOUSHIK TEWARY	BINY TEWARY
78	1337	ANAND KUMAR MANDAL	SHRAWAN MANDAL
79	2060	ROSHAN KUMAR JHA	UTTAM KUMAR JHA
80	0977	NISHA KUMARI	RUPAK KUMAR

आवश्यक निर्देश :–
1. सभी चयन अस्थायी (Provisional) होंगे तथा प्रमाण पत्र का सत्यापन के उपरांत अंतिम माने जायेंगे।
2. दिनांक 02.11.2026 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन में जिला ग्रामीण विकास शाखा, दुमका के सभागार में Document Verification हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। Document Verification के समयअभ्यर्थी द्वारा विज्ञापन संख्या – 1062 दिनांक 03.07.2026 के अनुरूप अपना शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र मूल में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय तक अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में कोई भी दावामान्य नहीं होगा।
3. किसी भी प्रकार की त्रुटिपायेजाने पर चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
4. चयनित अभ्यर्थी विद्यालय आवंटन से संबंधित एवं अन्य जानकारी के लिए जिला कल्याण कार्यालय, दुमका में संपर्क करेंगे।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, दुमका

PR 392454 Welfare(26-27)#D

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्कीय उद्घाउ केदा मांडर रे 15 करोड़ रेयाक् पूंजी ते बेनावाकान आधुनिक शीतगृह

खोबोरिया

रांची। झारखंड रेन कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की दो ओतेमाहां हिलोक् रांची जिला रेयाक् मांडर प्रखंड तारी रेयाक् बुढ़ाखुखरा रे 15.01 करोड़ टाका रेयाक् पूंजी ते बेनावाकान मोंड़ें हजार मीट्रिक टन दाड़े वाला आधुनिक शीतगृहय उद्घाउ केदा। नोआ ओपसोर रे उनी दो 100 किलोवाट दाड़े वाला सौर ऊर्जा संयंत्र होंय एतोहोप् केदा। सांवते सहकारी समितिको आर किसान उत्पादक संगठनको (एफपीओ) दो कृषि उत्पादको सागाड़ आर विपणन लागित् मित् करोड़ पोन लाख 50 हजार टाका रेयाक् परिसंपत्तिय बिहलावात्कोआ। मोटामुटी बार एकड़ जायगा रे बेनावाकान नोआ शीतगृह रे मल्टी-चेंबर बेबोसता आर

फ्रेऑन गैस आधारित रेफ्रिजरेशन तकनीकबेवहारेत् काना। फेल-डोल आर उतुतेयाक्को डाङ लागित् 125.125मीट्रिक टन दाड़े वाला बारया आलाग-आलाग चैंबर बेनाव मेनाक्आ। शीतगृह चालाव-बानाव रेयाक् जिमाबारी दो बेंगलुरु रेयाक् मेसर्सरीडवुड होल्डिंग्स एंड रियल्टी सर्विसेज एलएलपी'को जिमावाकादेया।उद्घाउ सेमेलेत् बाबोत रे कृषि मंत्री दोय मेन केदा जे नोआ शीतगृहएहोबोक् ते चासीको दो आपनार आरजा आयमा दिन हाबिच् सुरक्षितदोहोय रेयाक् सुबिसताको ञामा। ओनका रे चास-बास कोम गेबारबादोक्आ आर चासीको दो बाजार रे मोंज सोमोय रे मोंज दाम रे ञाम रे गोड़ोको ञामा। उनी दोय मेन केदा जे चासीकोवाक्खाटाव, आरजाव आर कामाव राखी जोगाव गे पोनोत सरकाराक् आसोल कामी काना।

चालाक् कार रे आचका लागावेना सेंगेल, पोनया जुवानको लो गोच् एना, घालाकानाय मित्टेन

खोबोरिया

धार। मध्य प्रदेश रेयाक् धार जिला रे चालाक् कार रे आचका गे सेंगेल लागावेन ते पोन होड़को लो गोच् एना आर से नोते मित् होड़ दो आड़ी काजाके घालाकाना। घोटना दो सादलपुर थाना टोठा रे होय आकाना। घालेन जुवान दो इंदौर तेको रेफर केदेया। ञाम आकान खोबोर लेकाते मोंड़ें गोटेच् जुवान स्वि ट कार ते सांवरिया सेठ पूजावाय लागित्को चालाव लेना। सिंगेमाहां हिलोक् ञिन्दा पूजाबाड़ा तायोम ओड़ाक् तेको रूवाड़ोक्कान ताहेंकाना। उन ओकते गे ओनकोवाक् कार रे आचका गे सेंगेल लागावेना। लायागोक् काना जे कार दो सीएनजी ताहेंकाना, ओना खातिर तेसेंगेल दो आड़ी तापिसाते पासनावेना आर कार रेको देच् आकानताहेंन होड़ दो ओडोकोक् रेयाक् आत गे बाको ञाम लेदा। घोटना रे पोनया जुवान दो ओण्डे गेको गोच् एना। घोटना रेयाक् खोबोर

ञाम सांवतेको सेटेरेन पुलिस दो ओनकोवाक्मांड़ी जिला चिकित्सालय तेको इदि केदा। मीडिया रिपोर्ट लेकाते घोटना रेको गोच्एन जुवानको मुद रेमित्टेनाक् पाछनाव दो अभिषेक सोलंकी रूप रे होय आकाना। गोच्एन होड़ ताको रेन ओड़ाक् होड़को लाई केदा जे कार रे मोट मोंड़ें होड़को देच् आकान ताहेंकाना। नोको मुद रे पेया जुवान दो सागौर रेन ताहेंनोक्कोको ताहेंकाना आर से नोते मित्टेन दो माधवपुरा रेन ताहेंनोक्इच्ए ताहेंकाना। जोतो जुवानाक् उमार 20 बोछोर आडेपासे ताहेंकाना। जोतो जुवान पेड़ा आर से गातेको ताहेंकाना। पुलिस दो मामला ओल राकाप् काते जांचको एहोप्केदा।

कांग्रेस पार्टी रेन अध्यक्षाक् पीएम मोदी ओपोमाने दो बाङ ठीका : अठावले

खोबोरिया

नावां दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे दो पीएम मोदी बाबोत रेय रोड़ाकात् एपेरहेंडेच् काथा खातिर ते बवाल माचावाकाना। नोतेकांग्रेस दो खड़गेय गोड़ोवाय काना। नित केंद्रीय मंत्री रामदास अठवले दो खड़गे उपार रेय मेन केदा जे मल्लिकार्जुन खड़गे दो मित् लाटूपार्टी रेन अध्यक्ष कानाय, मित्टेन नोंकान पार्टी ओका दो 60बोछोर हाबिच् सत्ता रे ताहेंकाना। उनी दोय मेन केदा जे नोंकान पार्टी रेन अध्यक्ष पीएम नरेंद्र मोदी ओपोमाने दो बाङ ठीका। नोंकाबुझाक् काना जे उनी दो नोंकानाक् काथा दोय रोड़ हेवा गेया,ओका दो एकदोम ते बाङ ठीका। नोंकान काथा मेन दो ओहो गे आंगोच लेना, नोआ दो माराङमंत्रीयाक् आड़ी माराङ ओपोमान काना।

मीडिया रिपोर्ट लेकाते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दोय ओल आकादा- पीएम नरेंद्र मोदी रेन बोंगातालावाकान आपात बाबोत रेकांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गेजी दो पटना रे ओकाय मेन केदा ओना दो आड़ी निसड़ाउ काथा काना। जाहां तिनाक्एम निसड़ावा उनाक् गेकोम गेया। नोआ दो पाहिल धाव दो बाङ काना जे पीएम मोदी से ओनको घारोंज लागित् नोंकान काथा आंजोमोक् काना। उनीयाक् सोड़ा साफ कामी रेयाक् मजाकको उड़ावेत् ताया, बोंगा बाराबारी एंगातलागित् हों बिनसाजोक् काथाको मेन आकादा। नित नोआ काथा गे पार्टी रेन जोतो खोन लाटू नेतावाक् मोचा रे हेच् आकाना। लोकतंत्र रे बिरोध रेयाक् पुराउ ते होक मेनाक्आ। सरकार कुकली कुलीये लेक काना, उनीयाक् कामी ओकतायमे, मेनखान 140 करोड़ दिसाम रेन होड़ होते तेय बाछावाकान माराङमंत्री रेन बोंगातालावाकान आपात नोआ बहस रे आगुये दो ठीक बाङ काना।खड़गेयाक् ओकता दो ओपोमान मेतावाक् तुलुच् बीजेपी दोदिसामभारी रे प्रदर्शन लागित्ए सारसादले केदा। पार्टीयाक् बयानलेकाते बीजेपी दो ओतेमाहां हिलोक् दिसामभारी रे आपनार जोतोपोनोत मु यालयको रेको प्रदर्शनेत् काना। पार्टी दोय मेन केदा जे प्रदर्शन दो पटना रे कांग्रेस अध्यक्ष होतेते रोड़ाकात् काथारेयाक् तेला रूवाड़ रे होयोक् काना, ओका दो उनी बिनसाजोक् आर माराङमंत्री रेन घारोंज रेयाक् मान रे हमला काथायमेतावादा।

जम्मू रे शिव मार्केट रे लागावेना सेंगेल, लो तोरोच् एना 40 गोटेच् दुकान



खोबोरिया

जम्मू । जम्मू रेलवे स्टेशन ठेन शिव मार्केट रे सिंगेमाहां हिलोक् ञिन्दा सेंगेल लागावेन ते मोट 40 दुकान लो तोरोच् एना।अधिकारीकोवाक् लाई लेकाते सिंगेमाहां हिलोक् ञिन्दा लागावेनसेंगेल दो मोटामुटी मोंड़ें घंटा हाबिच् जोलोक् ते गे ताहेंयेना। नोआ घोटना रे जाहांय होड़को लुकसान आकान रेयाक् खोबोर दो बानुक्आ। अधिकारीको लाई केदा जे सेंगेल तेको लुकसान आकान जासतीकाय दुकानदार दो जोम-ञु जिनिस, रोहोड़ मेवा आर कंबलको आखरिञेत्कान ताहेंकाना।मीडिया रिपोर्ट लेकाते एतोहोप् जांच रे सेंगेल लागावेन रेयाक् ओजे दो मित्टेन दुकान रे शॉर्ट सर्किट काथाको लायेत् काना।तापिस होय खातिर ते सेंगेल दो गोटा बाजार रे पासनावेना।टोठाकिया होड़को लाई केदा लुकसान दो आड़ी जासती होय आकाना।दमकल गाड़ी दो मित् खोन डेढ़ घंटा तायोम सेटेरेना, उन हाबिच् ते जोतोवाक् लो तोरोच चाबावाकान ताहेंकाना। मित्टेन दुकानदारे लाई केदा जे पुराउ बाजार लो जोरोच् एना। कोम से कोम 25 खोन 30 गोटेच् दुकान दो पुराउ ते लुकसान एना।

Office of the Executive Engineer, Building Construction Department Building Division, Sahibganj.

VERY URGENT NOTICE INVITING TENDER

1- Sender's Name & Address for Publishing :- Executive Engineer, Building Division, Sahebganj
2- Date & Time for selling of B.O.Q. :- Date 03.11.2026 Up to 2:00 PM. (On work day)
3- Date & Time for Receiving of sealed tender :- Date 04.11.2026 up to 3:00 PM.
4- Date & Time for Open of Sealed tender :- Date 04.11.2026 up to 3:30 PM
5- Selling Place of BOQ :- Office of the Executive Engineer, Building Division, Sahebganj & Office of the Superintending Engineer, Building Circle, Dumka.
6- Receiving Place of Sealed Tender :- Both Places as per Serial No. 5
7- Details of work:

Si. No.	Name of Work	Estimated Amount (Rs.)	Earnest Money.	B.O.Q Rate (Rs.)	Time period for Completion of work
1.	Renovation of JAP-9, Sahibganj Commandent Residence at Sahibganj.	39,48,800.00	79,000.00	5000.00	06 Months

Note:- 1. The Special Conditions may be seen at Office notice Board. Estimated Cost may be increased of decreased. Earnest Money shall be as per BOQ amount.
2. Bank drafts must remain valid for two months on the date of sale of tender paper.

Executive Engineer
Building Division, Sahibganj.

PR 392448 Building (26-27) D"

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER Drinking Water and Sanitation Mechanical Division, Dumka

Very Short Notice Inviting e-Quotation

Notice No:-06/2026-27 (2nd Call)

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for renovation work of electromechanical components installsed at karow rural water supply scheme with supplying fitting of 50 kva servo voltage stabilizer, fasd starter, sulice & nr valve, led street light & allied works pertaining to drinking water supply from Reputed Manufacturers/ Authorized Dealers/ suppliers for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in drinking water supply scheme shall be submitted online in the website http://Jharkhandtenders.gov.in. Details and list of materials are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 29.10.2026 at 10:30 hrs. to 05.11.2026 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 06.11.2026 at 16:00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Address for Communication:-
Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Mechanical DivisionDumka.
Address : Near Judges Colony Airport Road Pani Tanki Dumka- 814101.
Landline No : 06434-2308988
e-mail ID : eedwsdmechdivisiondumka@gmail.com

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division
Dumka.

PR 392474 Drinking Water and Sanitation (26-27) D"

चक्रवाती तूफान 'अर्णब' रेयाक् एसेर : झारखंड रे 27 अक्टूबर खोन दाग रेयाक् ओहमा, 22 जिला रे ऑरेंज अलर्ट

खोबोरिया

रांची। बंगाल रेयाक् खाड़ी रे बेनावेन डीप डिप्रेशन दो ओतेमाहां हिलोक् चक्रवाती तूफन 'अर्णब' रे बोदोलेना। नोआ रेयाक् एसेर ते झारखंड रे 27 अक्टूबर खोन सेरमा बोदोलोक् आर जुदा-जुदा जिलाको रे दाग रेयाक् ओहमा मेनाक्आ। मौसम विभाग दो 28 आर 29 अक्टूबर हिलोक् पोनोत रेयाक् 22 गोटेच् जिलाको रे झोमोर-झोमोरे दाक् रेयाक् ऑरेंज अलर्टए ओडोडाकादा। नोआ ताला रे 50 खोन 60 किलोमीटर प्रति घंटा रेयाक् तापिस ते होय आर चेटेर ञुरूक् रेयाक् हों ओहमाय लाई केदा। मौसम विभागे लाई केदा जे

पूर्वी-मध्य आर ओना सांव साटाव मेनाक्दक्षिण-पूर्वी बंगाल रेयाक् खाड़ी चेतान रे बेनावाकान डिप डिप्रेशनदो 15 किलोमीटर प्रति घंटा रेयाक् तापिस ते पश्चिम सेच् लाहा इदिक् तुलुच् चक्रवाती तूफन 'अर्णब' रे बोदोलेना। नित दो नोआ पूर्वी-मध्य आर ओना सांव साटाव मेनाक् पश्चिमी-मध्य बंगाल रेयाक् खाड़ी चेतान मेनाक् आकादा। विभागाक् लाई लेकाते, चक्रवाती तूफन दो पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिग रे लाहाक् इदिक् तुलुच् ओतेमाहां हिलोक् ताला ञिन्दा हाबिच् ते पश्चिमी-मध्य बंगाल रेयाक् खाड़ी चेतान रे माराङ चक्रवाती तूफन रूप रे बोदोलोक् रेयाक् केटेच् ओहमा मेनाक्आ। ओना तायोम 27 अक्टूबर हिलोक् नोआ दो आरहों तापिसोक् तुलुच् आड़ी माराङ चक्रवाती तूफन रे बोदोल दाड़ेयाक्आ। मौसम विभागाक् माड़ाडिया ओनमान लेकाते चक्रवाती तूफन दो 28अक्टूबर हिलोक् सेताक् हाबिच् ते उत्तर-पश्चिम दिग रे लाहा इदिक् तुलुच् बापटला आर विशाखापत्तनम ताला रे आंध्र प्रदेश आर यनम रेयाक् तटकोय पारोम दाड़ेयाक्आ। नोआ ताक रे होय दो रेयाक् मित् रोगोड़ तापिस दो 115 खोन 125 किलोमीटर प्रति घंटा ताहेंनआर भारडो सालाक् ते 140 किलोमीटर प्रति घंटा हाबिच् राकाप् दाड़ेयाक् रेयाक् ओहमा मेनाक्आ। चक्रवाती तूफन रेयाक् एसेर ते झारखंड रेयाक् जुदा-जुदा हिंसको रे 27 अक्टूबर खोन दाक् एहोबोक् रेयाक् आस मेनाक्आ। मौसम विभाग दो 28 आर 29 अक्टूबर हिलोक् पोनोत रेयाक् 22 गोटेच्जिलाको रे झोमोर-झोमोरे दाग बाबोत रे ऑरेंज अलर्टएओडोडाकादा। नोआ ताक रे तापिस होय-भारडो आर चेटेर ञुरूक् रेयाक् हों ओहमा मेनाक्आ।

कार्यालय उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, दुमका (झारखण्ड) (जिला शस्त्र शाखा)

आम सूचना

विस्फोटक अधिनियम, 2008 के अंतर्गत आसन्न दीपावली पर्व, 2026 के अवसर पर दुमका मुख्यालय अंतर्गत यज्ञ मैदान, दुमका एवं गाँधी मैदान, दुमका में पटाखा रखने और बेचने के लिए अस्थायी अनुज्ञप्ति प्राप्ति करने के निमित पटाखा विक्रेताओं से निम्न दस्तावेजों के साथ आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

1. आवेदक को अस्थायी अनुज्ञप्ति प्राप्ति हेतु विस्फोटक अधिनियम, 2008 के अंतर्गत प्रपत्र AE-5 में अपना आवेदन समर्पित करना होगा।
2. विस्फोटक अधिनियम, 2008 के उप नियम 86 (3) के प्रावधानानुसार दुकान की योजना (Plan) जिसमें भंडारण क्षमता, पहुंच मार्ग (Approach Road) और आसपास की सुविधाओं का उल्लेख हो, आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
3. विस्फोटक अधिनियम, 2008 के प्रावधानानुसार अधिभोगी (Occupier) का पासपोर्ट साईज का 02 (दो) फोटोग्राफ, साथ ही अधिभोगी के नामांकन (Nomination) से संबंधित दस्तावेज साक्ष्य आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
4. आवेदन पत्र के साथ स्क्रूटनी शुल्क– 300/– (तीन सौ रू0) देय होगा। शुल्क की राशि जिला नजारत शाखा, दुमका में जमा करेगें एवं उक्त का नाजीर रसीद प्राप्त कर मूल में आवेदन के साथ संलग्न करेंगे।
5. अस्थायी अनुज्ञप्ति शुल्क– 500/– (पाँच सौ रू0) का ऑनलाईन चालान संलग्न करेंगे।
6. पटाखा विक्रय हेतु यज्ञ मैदान, दुमका के लिए प्राचार्य, +2 जिला स्कूल, दुमका से तथा गाँधी मैदान, दुमका के लिए कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, दुमका से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर संलग्न करना होगा।
7. अस्थायी अनुज्ञप्ति हेतु आवेदक का आधार कार्ड, पेन कार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति।
8. नोटरी पदाधिकारी द्वारा निर्गत इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगे, कि आवेदककर्ता विस्फोटक अधिनियम, 2008 के सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करेंगे, साथ ही विस्फोटक पदार्थों के विक्रय हेतु सभी आवश्यक सुरक्षात्मक पहलूओं का अनुपालन करेंगे।

उक्त के क्रम में अस्थायी पटाखा विक्रय की अनुज्ञप्ति हेतु इच्छुक विक्रेता अपना आवेदन उपरोक्त दस्तावेजों के साथ **शस्त्र अधिनियम दण्डाधिकारी, जिला शस्त्र शाखा, दुमका** के कार्यालय में हाथों–हाथ **दिनांक– 28.10.2026 तक** कार्यालय अवधि तक समर्पित करेंगे।

यदि बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किये हुए किसी विक्रेता द्वारा अवैध रूप से पटाखा की ब्रिकी की जाती है, तो उनके विरूद्व विस्फोटक अधिनियम, 2008 की सुसंगत धाराओं एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, दुमका के आदेशानुसार।

शस्त्र अधिनियम दण्डाधिकारी,
दुमका

PR 392469 District(26-27).D

डीएवी स्कूल रे ओरामेना बाल अधिकार आर संरक्षण बाखरा विधिक जागवार कामीहोरा

खोबोरिया

खूंटी। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांचीयाक् बातलाव रे जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) सेच् खोन ओतेमाहां हिलोक् डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल रे बाल अधिकार आर संरक्षण रे विधिक जागवार कामीहोरा ओरामेना। प्रधान जिला

आर सत्र न्यायाधीश-सह-डीएलएसए अध्यक्ष रसिकेश कुमाराक् बातलाव रे ओरामेन कामीहोरा रेयाक् जोस दो पाठवाको ओनकोवाक् अधिकार, बाल संरक्षण, पॉक्सो अधिनियम आर निःशुल्क विधिक गोड़ोवाको लागित् जागवारको रेयाक् ताहेंकाना। कामीहोरा रे जिला आर अपर सत्रन्यायाधीश-तृतीय प्राची मिश्रा दोय मेन केदा जे गिदराको दो आपनार अधिकार आर कानून सेच् खोन एम आकान संरक्षण रेयाक् बानाडायताहेंन लेककाना। जागवार दाराय ते गिदरा दो गलत ओबोसताको पाछनाव दाड़ेयाक् आर लाकती पाड़ाक् रे लेकमान गोड़ोको हाताव दाड़ेयाक् ।

रामगढ़ रे बार दोल ताला रे दालाकान रेयाक् मामला लोलोयेना, कार्रवाई लागित् खोजे दोहो केदा सांसद

खोबोरिया

रामगढ़। रामगढ़ शहर रेयाक् नईसराय टोठा रे 23 अक्टूबर हिलोक् बार दोल ताला रे होयेन दाल-तापाम रेयाक् मामला दो नित लाटू इदिक् काना। बानार दोल गे मित्-दोसार उपार रे दाल आकात्को आर मॉब लिंचिंग रेयाक् दोस लादेय तुलुच् रामगढ़ थाना रेको लालिस आकादा। पुलिस दो बानार दोलाक् लालिस लेका रे मामला ओल राकाप् काते जांचको एहोप् केदा। ओतेमाहां हिलोक् हजारीबाग सांसद मनीष जायसवालाक् बातलाव रे ओनको रेन आयुरमांडेर अनमोल सिंह आर राजीव जायसवाल दो रामगढ़ थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे सोंगेकिन ञापामेना।

उनकिन दो घोटना रे सेलेत् मेनाक्को दुसी उसारा खोन उसारा साप्को आर मामला रे उसारा कार्रवाई रेयाक् खोजको दोहो केदा। नोआ ताक रे सांसद मनीष जायसवाल हों मोबाइल फेन रे थाना प्रभारी सोंगेय गालमाराव केदा। उनी दो अमन कुमार राय आर उनी रेन बोकोत कोड़ा दाल आकात्किन दुसी उपार रे उसारा कार्रवाईलागित्ए मेन केदा। थाना प्रभारी गजेंद्र पांडे दोय लाई केदा जे बानार दोलाक् लालिसलेका रे प्राथमिकीको ओल राकाप् केदा। मामला रेयाक् जांच चालाक् काना आर जांच रे ओडोकोक् साबुत लेका रे लाहा सेयाक् कानूनी कार्रवाई होयोक्आ।

समाहरणालय, गोड्डा, (जिला भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VI

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– 65/2025-26 (पथ) 2425/भू0अ0 गोड्डा, दिनांक :– 21.10.2026

चूँकि उपायुक्त, गोड्डा को यह प्रतीत होता है कि मौजा– **अमरपुर सीट नं0– 01, थाना नं0– 534, अंचल– गोड्डा**, जिला– गोड्डा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **पथरा चौक – मखनी– नोनबट्टा – लाठीबाड़ी पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (कुल लम्बाई– 14.160 कि0मी0) पथ निर्माण।** हेतु अपेक्षित है, सरकार के अधिसूचना संख्या– 628, राँची, दिनांक– 29.06.2018 के द्वारा निर्माण योजना (रैखीय परियोजना) को सामाजिक अंकेक्षण से विमुक्त किया गया है।

विस्तृत प्रतिवेदन गोड्डा जिले के वेबसाइट:- www.godda.nic.in पर देखा जा सकता है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा– **अमरपुर सीट नं0– 01, थाना नं0– 534, अंचल– गोड्डा**, जिला– गोड्डा, में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.111** एकड़ यानि ..... हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

क्र0 सं0	खाता सं0	सर्वे भुखंड सं0	स्वामित्व का प्रकार	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हिस्से की भूमि रकवा (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व, पता	सीमा (भूखंड सं0)			
								उत्तर	दक्षिण	पूरब	पश्चिम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	189	943	निजी	बाड़ी-I	0.078	0.078	जमाबन्दी रैयत शीदो किस्कु, पे0 डोमन किस्कु के वैध वारिसान।	सीमा	943 अंश	रास्ता	रास्ता
2	218	230	सरकारी	गैरमजरूआ दिगार	0.033	0.033	झारखण्ड सरकार	सीमा	रास्ता	रास्ता	229
कुलः–					**0.111**	**0.111**	एकड़				

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। उपायुक्त, गोड्डा उक्त अधिनियम की धारा– 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा /अंचल अधिकारी, गोड्डा और उनके कर्मचारी– कानूनगो/अंचल निरीक्षक/अंचल अमीन/संबंधित राजस्व कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा– 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा– 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त,गोड्डा

PR 392434 Land Reforms(26-27).D

राजद के वरिष्ठ नेता सत्य शिक्षानंद मुर्मू के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

गोपीकांदर। झारखंड जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता रहे सत्य शिक्षानंद मुर्मू का रविवार की मध्य रात्रि में दिल का दौरा पड़ने से 66 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। उनके इस असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। नेता जी सत्य शिक्षानंद मुर्मू के द्वितीय पुत्र निरज समीर मुर्मू ने बताया कि उनके पिताजी को दिल के मरीज थे कुछ दिन पहले भी उनको दिल का दौरा पड़ा। उनके पिताजी सत्य शिक्षानंद मुर्मू अपना स्कॉर्पियो से ड्राइवर व परिवार के साथ दिल की बिमारी दवाई लेने के लिए असम राज्य गये हुए थे रविवार की मध्य रात्रि में पिताजी का निधन का खबर मिला। सत्य शिक्षानंद मुर्मू का पार्थिव शरीर को असम से स्कॉर्पियो से ही उनके पैतृक आवास गोपीकांदर आया गया। उन्होंने आगे बताया कि उनके पिता एक शिक्षक के रूप में वर्ष 1987 में प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय गोपीकांदर पदस्थापित हुए थे। करीब 35 वर्ष तक प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय में प्रधानाध्यापक के रूप में सेवा दिए। वर्ष 2020 में सेवानिवृत्त हुए थे। सत्य शिक्षानंद मुर्मू एक शिक्षक के साथ-साथ राजनीतिक में भी सक्रिय थे।? उन्होंने अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से की थी। उन्होंने राजद की टिकट से विधानसभा चुनाव भी लड़े। साथ ही राजद दुमका के जिलाध्यक्ष और राजद अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का पद भी रह चुके थे। वर्ष 2020 में राजद छोड़ उन्होंने भाजपा में शामिल हुए। तथा वर्ष 2024 में फिर भाजपा से अलग होकर उन्होंने अपना एक नई पार्टी झारखंड जनाधिकार संघर्ष मोर्चा बनाया। आदिवासियों और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए उन्होंने लंबे समय तक संघर्ष किया। बता दें कि मंगलवार को नेता सत्य शिक्षानंद मुर्मू का पार्थिव शरीर को गोपीकांदर स्थित उनके आवास पर अंतिम संस्कार किया जायेगा।

धन्वंतरी आयुष अस्पताल में गूंजा योग का मंत्र डॉक्टरों और प्रशिक्षकों ने सीखे निरोग रहने के गुर

दुमका। झारखंड आयुष निदेशक के आदेशानुसार जिला आयुष समिति, दुमका के सौजन्य से आयुष चिकित्सकों एवं योग प्रशिक्षकों के लिए दो दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह विशेष प्रशिक्षण दुमका के मुक्तिधाम, विजयपुर स्थित नवनिर्मित धन्वंतरी आयुष अस्पताल के परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मकरंद कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय सत्र के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को योग के गहरे महत्व, विभिन्न प्रकार के योगासनों तथा उनके व्यावहारिक व चिकित्सकीय उपयोग से संबंधित विस्तृत ट्रेनिंग दी गई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आयुष चिकित्सा पद्धति में योग की भूमिका को और अधिक मजबूत करना तथा चिकित्सकों व योग प्रशिक्षकों को योगाभ्यास की आधुनिक व सही विधियों से पूरी तरह अवगत कराना था।

इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सूरज प्रसाद, डॉ. शिवनाथ कुमार, डॉ. विकास रजक, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. आशीष रंजन, डॉ. मनीष शंकर गोराय, डॉ. बालकिशोर टुडू, डॉ. नेहा कुमारी, डॉ. अनीता सोरेन एवं डॉ. श्रद्धा प्रियदर्शिनी सहित जिले के सभी प्रखंडों से आए योग प्रशिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सत्र के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षक संतोष गोस्वामी, शंभू रजक एवं अंजली आर्या ने मंच संभाला और सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगाभ्यासों की बारीकियां सिखाईं। उन्होंने योग की विभिन्न तकनीकों, आसनों के सही तरीके और दैनिक जीवन में योग को अपनाने से होने वाले चमत्कारी फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।

मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन पर मेले का आयोजन

जरमुंडी। शरद पूर्णिमा पर सोमवार को जरमुंडी प्रखंड स्थित सरडीहा दूर्गा मंदिर स्थापित माता दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन पर मेला का आयोजन किया गया। आश्विन पूर्णिमा पर सोमवार को धूमधाम के साथ दूर्गा माता का विसर्जन हुआ। भक्तों के द्वारा माता भगवती को अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी गई। स्थानीय श्रद्धालु बालेश्वर यादव एवं अशोक खिरहर ने बताया कि वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार सरडीहा गांव में स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में स्थापित प्रतिमा को नियत तिथि पर देर शाम को भक्तों के द्वारा ढोल ढाक के साथ तालाब में विसर्जित किया जाता है। दूर्गा माता के विसर्जन मौके पर सरडीहा गांव में भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में आसपास के दर्जनों गांवों से आए हजारों भक्तों ने माता के दर्शन किए। मेले में बच्चों के मनोरंजन के साधन और आकर्षक खिलौने की दुकान सहित से लेकर लजीज खाद्य सामग्री और मिठाईयों की दुकानें सजी थी। देर शाम तक बच्चों से लेकर बड़ों तक ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। मेले के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरमुंडी डीएसपी, थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा विधि-व्यवस्था पर निगरानी रखी जा रही थी।

हाईटेक चोरों का दुस्साहस : सफेद कार से आए और महज 120 सेकेंड में गैरेज से उड़ा ले गए स्कॉर्पियो

दुमका। उपराजधानी दुमका में बेखौफ अपराधियों ने पुलिस की गश्ती को खुली चुनौती देते हुए एक सनसनीखेज चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। नगर थाना क्षेत्र के सोनवाडंगाल स्थित कॉलेज रोड में एसपी कॉलेज के ठीक सामने से शातिर चोरों ने एक सुरक्षित गैरेज का ताला तोड़कर काले रंग की स्कॉर्पियो क्लासिक पार कर दी। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि चोर एक सफेद कार से आए थे और उन्होंने इस पूरी वारदात को महज दो मिनट के भीतर अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए।

वाहन मालिक सुरेश कुमार वर्मा के चालक मंटू पाल ने 25 अक्टूबर की शाम करीब 5:30 बजे स्कॉर्पियो को रोजमर्रा की तरह गैरेज में पार्क किया था। 26 अक्टूबर की सुबह जब वाहन मालिक सोकर उठे, तो गैरेज का ताला टूटा हुआ था और अंदर से गाड़ी गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, तो इस हाईटेक चोरी का पूरा खेल सामने आ गया। फुटेज में स्पष्ट रूप से कैद हुआ है कि रात 1:53 बजे एक संदिग्ध सफेद कार घर के बाहर रुकी। उसमें से उतरे शातिर चोरों ने बड़ी ही फुर्ती से गैरेज का ताला चटकाया, स्कॉर्पियो स्टार्ट की और 1:55 बजे उसे लेकर नौ दो ग्यारह हो गए।

शहर के बीचों-बीच स्थित वीआईपी इलाके में हुई इस दुस्साहसिक घटना से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। पीड़ित वाहन मालिक सुरेश कुमार वर्मा ने नगर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराकर जल्द से जल्द कार्रवाई और वाहन बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में ले लिया है और अब चोरों के हुलिए तथा उनकी सफेद कार के रूट को ट्रैक कर इस चुनौती को सुलझाने में जुट गई है।

हत्याकांड का खुलासा : सौतेली मां और पिता ने ही रेता था विनोद का गला, दोनों गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां पारिवारिक विवाद में एक कलयुगी सौतेली मां और पिता ने मिलकर अपने ही बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के महज 24 घंटे के भीतर मामले का पर्दाफाश कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

झाड़ियों में मिला था लहूलुहान शव

घटना की शुरुआत 25 अक्टूबर 2026 को हुई, जब पुलिस को सूचना मिली कि कालीपाथर गांव में एक तालाब के पास डंगाल की झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाना की पुलिस सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंची। जब शव का निरीक्षण किया गया तो साफ जाहिर हुआ कि उसकी गला रेतकर बेरहमी से हत्या की गई है। आस-पास के ग्रामीणों की मदद से मृतक की पहचान कालीपाथर निवासी विनोद मरांडी के रूप में हुई।

एसआईटी की जांच में खुला खूनी राज

इस अमानवीय घटना के बाद मृतक के रिश्तेदार चरण टुडू (ग्राम पालोपिसा, रानेश्वर) के लिखित आवेदन पर मुफ्फसिल थाना में काण्ड संख्या 135/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 238 और 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुमका पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप खलखो के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया।

जब एसआईटी ने गहराई से छानबीन शुरू की, तो परतें खुलती चली गईं। अनुसंधान में यह चौंकाने वाली बात सामने आई कि मृतक की सौतेली मां सिलाती हेम्ब्रम पहले भी विनोद पर दो बार जानलेवा हमला कर चुकी थी। पारिवारिक रंजिश और विवाद इस कदर बढ़ चुका था कि इस बार सौतेली मां ने अपने पति यानी मृतक के पिता के साथ मिलकर विनोद को रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रच डाली।

हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद, दोनों आरोपी भेजे गए जेल

पुलिस टीम ने कड़ाई से पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर मृतक के पिता जिशु मरांडी (50 वर्ष) और सौतेली मां सिलाती हेम्ब्रम (35 वर्ष) को धर दबोचा। पुलिस के सामने दोनों अभियुक्तों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई बैंडी (सब्जी काटने वाला धारदार हथियार) भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। इस त्वरित और सफल कार्रवाई में एसडीपीओ दिलीप खलखो के साथ मुफ्फसिल थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, दिग्घी ओपी प्रभारी बाजो रजक, पुलिस अवर निरीक्षक मेरीबिना किस्कू, रौशन कुमार और ताराचन्द शामिल थे।

मानदेय की राशि डकार कर बैठे बाबू : दुमका में जलसहियाओं का फूटा गुस्सा, छठ के बाद अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। झारखंड प्रदेश जलसहिया यूनियन के बैनर तले सोमवार को जलसहियाओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष रजनी मिर्धा के नेतृत्व में आयोजित इस धरने में महिलाओं ने सरकार और विभाग के खिलाफ जमकर अपनी नाराजगी जाहिर की। जलसहियाओं का आरोप है कि बकाया और नियमित मानदेय का भुगतान न होने से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में वर्षों से जमे कैशियर व अन्य कर्मियों का तबादला नहीं किया गया, तो छठ पर्व के बाद वे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगी।

धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के संरक्षक विजय कुमार दास ने विभागीय कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार ने चार महीने पहले ही जलसहियाओं के मानदेय के लिए विभाग को फंड आवंटित कर दिया था। इसके बावजूद अब तक यह राशि जलसहियाओं के बैंक खातों में नहीं भेजी गई है, जो बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि दुमका पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कई कर्मचारी और कैशियर वर्षों से एक ही सीट पर जमे हुए हैं, जिनका तुरंत स्थानांतरण किया जाना बेहद जरूरी है।

मेडल और उपाधि की चमक : एसकेएमयू दीक्षांत समारोह के लिए 4 नवंबर को होगा महा-पंजीकरण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में होने वाले ऐतिहासिक दीक्षांत समारोह-2026 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस भव्य समारोह की रूपरेखा तय करते हुए स्वर्ण पदक विजेताओं और पीएचडी उपाधि प्राप्तकर्ताओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। यदि आप भी इस बार मेडल या उपाधि पाने वाले भाग्यशाली विजेताओं में शामिल हैं, तो अपनी डायरी में 4 नवंबर की तारीख को खास तौर पर नोट कर लें। इस दिन सभी अभ्यर्थियों का पंजीकरण होना अनिवार्य है।

कन्वेंशन सेंटर में सजेगा पंजीकरण का मंच

विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक सभी स्वर्ण पदक विजेताओं और पीएचडी उपाधि धारकों को 4 नवंबर 2026 को पाकुड़ रोड स्थित कन्वेंशन सेंटर में उपस्थित होना होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। इसी दौरान सभी अभ्यर्थियों को उनका निर्धारित सीट नंबर, दीक्षांत पट्टा और परिचय पत्र सौंपा जाएगा, जिसके बिना समारोह में प्रवेश मुमकिन नहीं होगा।

दस्तावेज़ और शुल्क की रखें पूरी तैयारी

पंजीकरण के लिए आते समय छात्रों को अपने साथ जरूरी दस्तावेज लाने होंगे। स्वर्ण पदक विजेताओं को अपने अंतिम वर्ष या सेमेस्टर के अंकपत्र की फोटोकॉपी और आधार कार्ड लाना जरूरी है। वहीं, पीएचडी उपाधि प्राप्तकर्ताओं को 1500 रुपये पंजीकरण शुल्क का बैंक चालान (खाता संख्या 7743181071, इंडियन बैंक, दुमका) की रसीद और आधार कार्ड साथ रखना होगा। इसके अलावा सभी अभ्यर्थियों को अपनी एक स्टांप साइज फोटो भी लानी होगी।

पारंपरिक ड्रेस कोड में नजर आएंगे छात्र

दीक्षांत समारोह को खास और गरिमामयी बनाने के लिए एक विशेष ड्रेस कोड लागू किया गया है। समारोह में छात्र सफेद कुर्ता-पायजामा और सफेद दुपट्टा पहनकर शामिल होंगे। वहीं, छात्राओं के लिए लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी के साथ लाल ब्लाउज या फिर सफेद सलवार-सूट पहनना अनिवार्य किया गया है। ड्रेस कोड का पालन न करने पर कार्यक्रम स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इन नियमों का भी रखना होगा ध्यान

इस बार समारोह में केवल उपाधि पाने वाले छात्रों को ही प्रवेश मिलेगा, उनके अभिभावकों को शामिल होने की अनुमति नहीं होगी। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट कर दिया है कि 5 नवंबर को किसी भी हाल में पंजीकरण नहीं किया जाएगा और न ही किसी छात्र या शोधार्थी के स्थान पर कोई दूसरा व्यक्ति इस प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेगा। प्रशासन ने सभी संबंधित अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय से पहुंचकर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें।

10 वर्षीय बच्चे की मौत मामले में युवक गरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता

सरैयाहाट। हंसडीहा-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर परमा गांव के समीप बाइक की टक्कर से घायल 10 वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बिहार के बांका जिले के बौंसी थाना क्षेत्र अंतर्गत राजदह गांव निवासी सतीश ठाकुर के रूप में हुई है। मालूम हो कि शनिवार को परमा गांव निवासी शंकर राउत का 10 वर्षीय पुत्र दिसंबर राउत अपने घर के दरवाजे पर खेल रहा था। इसी दौरान रामगढ़ की ओर से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी थी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस की मदद से उसे इलाज के लिए सरैयाहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद देवघर रेफर कर दिया गया। वहां भी स्थिति गंभीर रहने पर उसे बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने परिजनों के आवेदन पर कांड संख्या 112/26 दर्ज कर जांच शुरू की थी। दुर्घटना में शामिल बाइक का नंबर जेएच 17 एजे 3595 बताया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सतीश ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बच्चे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

बासुकीनाथ में शरद पूर्णिमा पर उमड़ी भक्तों की भीड़

संवाददाता

जरमुंडी। प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर में शरद पूर्णिमा पर सोमवार को पूजा अर्चना करने के लिए शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर बाबा बासुकीनाथ की पूजा करने के लिए देर रात से ही बड़ी संख्या में शिवभक्तों का जुटना शुरू हो गया था। शरद पूर्णिमा पर सुबह करीब 3:00 बजे बाबा बासुकीनाथ मंदिर के कपाट खुले। मंदिर खुलने पर भोलेनाथ साफ सफाई सुनिश्चित की गई। देर रात संपन्न हुए श्रृंगार पूजा के पूजन अवशिष्टों को बाबा बासुकीनाथ के नागेश्वर ज्योतिर्लिंग से हटाकर गर्भगृह को धो- पखारकर साफ किया गया। इसके बाद सरकारी पुजारी द्वारा भोलेनाथ की षोडशोपचार विधि से प्रभातकालीन पूजा की गई। ततपश्चात श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया गया। बासुकिनाथ मंदिर खुलते ही श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कतारबद्ध होकर भोलेनाथ की पूजा अर्चना प्रारंभ की। श्रद्धालुओं की कतार संस्कार मंडप के रास्ते हाथी गेट होकर मंदिर परिसर तक लगी थी। सुरक्षा कारणों से, बासुकिनाथ मंदिर परिसर का उत्तर दरवाजा बंद रखा गया था श्रद्धालु हाथी गेट होकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर रहे थे।

एसकेएमयू दीक्षांत समारोह : पारंपरिक परिधानों में सजेगी अकादमिक शोभायात्रा

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका ने अपने आगामी दीक्षांत और अकादमिक समारोह को भव्य और अनुशासित बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय प्रशासन ने अकादमिक शोभायात्रा को लेकर आधिकारिक दिशा-निर्देश और ड्रेस कोड जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव की ओर से सीनेट, सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सभी सम्मानित सदस्यों के लिए इस संबंध में एक अनिवार्य अधिसूचना जारी की गई है।

समारोह की गरिमा को बढ़ाने के लिए इस बार अकादमिक शोभायात्रा में शामिल होने वाले सभी सदस्यों के लिए पारंपरिक भारतीय परिधान पहनना अनिवार्य किया गया है। नए नियमों के अनुसार पुरुष सदस्यों को सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ नेवी ब्लू हाफ जैकेट पहननी होगी। वहीं महिला सदस्यों के लिए दो विकल्प दिए गए हैं, वे लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी और लाल ब्लाउज पहन सकती हैं या फिर सफेद सलवार-कुर्ता, सफेद दुपट्टा और साथ में नेवी ब्लू हाफ जैकेट धारण कर शोभायात्रा का हिस्सा बन सकती हैं।

समारोह के सफल और सुव्यवस्थित संचालन के लिए 4 नवंबर 2026 को दुमका स्थित कन्वेंशन सेंटर में एक विशेष रिहर्सल का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित सदस्य इस दिन पूर्वाह्न 11:30 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि शोभायात्रा के क्रम को सही तरीके से समझा जा सके। इसके साथ ही कार्यक्रम के दिन सुरक्षा और पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी सदस्यों को पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। इसके लिए सदस्यों को अपने साथ एक स्टाम्प साइज फोटोग्राफ लेकर आना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क निदेशक डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि प्रशासन इस गौरवशाली शैक्षणिक उत्सव को पूरी तरह अनुशासित और मर्यादित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है।

मसलिया में सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा पर प्रखंड स्तरीय संवाद आयोजित

मसलिया। दुमका जिले के मसलिया प्रखंड संसाधन केंद्र में सोमवार को प्रोजेक्ट संपूर्णा 2.0 के तहत सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय लघु संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड शिक्षा एवं प्रशिक्षण पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उषा किरण हांसदा, प्रखंड संसाधन बीआरपी, संकुल संसाधन सीआरपी सहित विभिन्न संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विद्यालयों में सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा की उपयोगिता और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनकी भावनात्मक समझ, आत्मविश्वास, सकारात्मक व्यवहार, निर्णय लेने की क्षमता और दूसरों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना भी जरूरी है। इसके लिए विद्यालयों में अनुकूल वातावरण तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। संवाद के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और बच्चों के सर्वांगीण विकास में सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा की भूमिका को समझा। साथ ही इसे विद्यालयों की दैनिक शिक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बनाने, शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रमुख बिमल कुमार, क्वेस्ट एलायंस की पूजा पासवान और गांधी फेलो राजदीप मुखर्जी ने प्रतिभागियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कार्यक्रम के संचालन और चर्चा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न हितधारकों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाना तथा प्रोजेक्ट संपूर्णा 2.0 के लक्ष्यों के अनुरूप बच्चों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करना था। प्रतिभागियों ने विद्यालय स्तर पर सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

लक्खी पूजा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मसलिया। मसलिया प्रखंड क्षेत्र के गुमरो पंचायत अंतर्गत जेरूवा गांव में कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित वार्षिक लखी पूजा के अवसर पर सोमवार को मेले का आयोजन किया गया। मेले में दूर-दराज के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने मेले का आनंद लिया। माता के जयकारों और भक्ति भजनों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। मेले में खिलौने, मिठाई और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानें सजाई गई थीं। दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई। बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी की, वहीं महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं ने भी मेले का आनंद उठाया। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि रविवार रात गुमरो निवासी पंडित सुबोध चंद्र झा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान फूल, बेलपत्र, दूध, दही सहित अन्य पूजन सामग्री अर्पित की गई। पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। परंपरा के अनुसार मंगलवार को पूजन और आरती के बाद नम आंखों से गांव के तालाब में माता की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इसके साथ ही जेरूवा गांव में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक लखी पूजा महोत्सव का समापन हो जाएगा।

बीजीआर कंपनी से स्कूल बस की मांग को लेकर 27 गांवों के अभिभावक एकजुट

गोपीकांदर। कोयला डस्ट की मार और सड़कों पर दौड़ते हाईवा वाहनों के आतंक के बीच गोपीकांदर प्रखंड के स्कूली बच्चों का भविष्य धुंधला हो रहा है। इस गंभीर समस्या से अपने बच्चों को निजात दिलाने के लिए क्षेत्र के 27 गांवों के अभिभावक अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं। सोमवार को रंगामिशन गांव के चबूतरा में अभिभावक समिति के अध्यक्ष सहदेव राय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दुर्गापुर, रंगामिशन, मजराबड़ी, गुम्मामोड़, जियापानी और मजदीहा सहित कुल 27 गांवों के अभिभावकों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे बीजीआर कोल कंपनी से स्कूल बस की मांग को लेकर दुमका उपायुक्त (डीसी) को एक मांग पत्र सौंपेंगे। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि साहेबगंज-गोबिंदपुर स्टेट हाईवे पर कारुडीह मोड़ से अमरापारा के बीच चौबीसों घंटे कोयला लदे हाईवा वाहन दौड़ते रहते हैं। इन वाहनों से उड़ने वाले कोयले के धूलकण और डस्ट के कारण बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। स्थिति इतनी बदतर है कि घर से साफ-सुथरी ड्रेस पहनकर निकलने वाले बच्चों का शरीर और कपड़े स्कूल पहुंचते-पहुंचते कोयले की कालिख से पूरी तरह गंदे हो जाते हैं। इसके अलावा, अभिभावकों ने सड़क पर सुरक्षा को लेकर भी गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों की अंधाधुंध आवाजाही और उनके कारण लगने वाले लंबे जाम की वजह से बच्चों के साथ हमेशा किसी अनहोनी का खतरा बना रहता है। इस रणनीतिक बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से ईमेली मरांडी, राम मरांडी, मोतीलाल टुडू, मुंशी टुडू, सोम हांसदा, सुरेंद्र मरांडी और अनीता हेम्ब्रम सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीण व अभिभावक सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686